दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 175

ग्वालियर, सोमवार, 14 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

पंजाब जीत से केजरीवाल गदगद, बोले- सूबे में अब बनेगी ईमानदार सरकार, एक-एक बच्चा बनेगा सीएम

अमृतसर। पंजाब में शानदार जीत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी गदगद है और सूबे में सरकार गठन की तैयारियां शुरू कर दी है। 16 मार्च को भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब में शक्ति प्रदर्शन किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब पहुंचे थे। इस दौरान केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ एक भव्य रोड शो किया। पंजाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों ने कमाल कर दिया, लव यू पंजाब। पूरी दुनिया को ये यकीन नहीं हो रहा कि पंजाब में इतना बड़ा इंकलाब आ गया है कि सब हार गए। ये बहुत बड़ा इंकलाब है और ये पंजाब के लोग ही कर सकते थे पूरी दुनिया में और किसी में इतनी ताकत नहीं थी।

केजरीवाल ने कहा कि कई सालों के बाद आज पंजाब के लोगों को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है। अब ईमानदार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग पंजाब को लूट रहे थे वो अब बंद होगा। अब पूरा सरकारी पैसा पंजाब के लोगों पर खर्च होगा। हमने जितनी गारंटियां दी थी सब पूरी

होंगी। 16 तारीख को भगवंत मान मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे तो उस दिन पंजाब का एक-एक बच्चा मुख्यमंत्री बनेगा। हम रंगला पंजाब बनाएंगे। वहीं भगवंत मान ने कहा कि हमने 122 लोगों की सुरक्षा कम कर दी है और इसके कारण 403 पुलिसकर्मी और 27 पुलिस वाहन थानों में लौट आए हैं। किसी भी सरकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री की तस्वीरें नहीं होंगी, लेकिन शहीद भगत सिंह और बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीरें जरूर होंगी। आम आदमी पार्टी ने भगवंत मान के नेतृत्व में 92 सीटों पर जीत हासिल की है। 117 सीटों में से 92 सीटों पर जीत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी अब पंजाब में सरकार बनाने जा रही है। रोड शो निकाले जाने से पहले मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा राज्य के मुख्यमंत्री नामित भगवंत मान ने रविवार को यहां स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। पार्टी के मुख्य संयोजक अरविंद केजरीवाल दिल्ली से यहां पहुंचने पर सीधे स्वर्ण मंदिर गए। इससे पहले मान ने हवाई अड्डे पर केजरीवाल, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का स्वागत किया। पंजाब पहुंचने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान के साथ जलियांवाला बाग स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद दोनों नेताओं ने अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में भी पूजा की। भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल अमृतसर के वाल्मीकि मंदिर भी पहुंचे थे।

सऊदी अरब में एक दिन में 81 लोगों को दी गई फांसी

दुबइ। सऊदी में एक दिन में 81 लोगों को फांसी दी गई है। दुष्कर्म, हत्या, पूजास्थलों पर हमला, आतंकवादियों से संबंध जैसे कई संगीन अपराधों में शामिल 81 लोगों को एक ही दिन में फांसी का फैसले की

पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय ने इन सभी लोगों को फांसी दी है। इसमें कई खूंखार आतंकवादी संगठन आईएसआईएस और अल-कायदा के साथ काम करते थे,तब कई अन्य हत्या तथा दुष्कर्म जैसी घटनाओं में शामिल थे। मौत की यह सजा सऊदी के रहने वालों के अलावा कुछ विदेशियों को भी दी गई है। इनमें से ज्यादातर यमन के रहने वाले थे। यह सभी धार्मिक स्थलों और सरकारी संस्थानों को निशाना बनाने, सुरक्षा अधिकारियों की हत्या करने, माइंस बिछाने, अपहरण, टॉर्चर करने और रेप तथा हथियारों की डकैती जैसे अपराधों में संलिप्त थे। इसके अलावा इसमें देश में गड़बड़ी फैलने के उद्देश्य से हथियारों की तस्करी करने वाले भी शामिल थे। अदालत में ट्रायल के बाद इन सभी अपराधियों को अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

प्रदर्शनकारियों से वसूला गया जुर्माना घर-घर टीम भेजेगी योगी सरकार

कानपुर। उत्तर प्रदेश में नागरिता संशोधन कानून (सीएए) पर बवाल के दौरान तोड़फोड़ से हुए नुकसान का रिकवरी नोटिस निरस्त करने के बाद अब वसूला गया जुर्माना भी सरकार संबंधित लोगों के घर भिजवाएगी। जमा जुर्माने का चेक तहसील के कर्मचारी घर-घर जाकर पहुंचाएंगे। इसका आदेश कानपुर जिला प्रशासन ने जारी कर दिया है। चेक बनने भी शुरू हो चुके हैं, सोमवार से लोगों के घर पहुंचने शुरू हो जाएंगे। कानपुर में 33 लोगों के 3.66 लाख रुपये वापस होने हैं। दिसंबर 2019 में सीएए और एनआरसी लागू करने के विरोध में शहर में कई जगह बवाल हुआ था। लाखों की सरकारी संपत्ति का नुकसान भी हुआ था। शासन ने इसकी क्षतिपूर्ति आरोपियों से करने का आदेश दिया था। एडीएम सिटी कोर्ट के नोटिस पर डीएम के नाम से ड्राफ्ट बनवाकर बाबूपुरवा और बेकनगंज के 33 लोगों से जुर्माना वसूला गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने रिकवरी को गलत बताकर वसूली प्रक्रिया को अवैध बताया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एडीएम सिटी ने सभी रिकवरी नोटिस को निरस्त कर दिया। इस बारे में एडीएम सिटी अतुल कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रिकवरी नोटिस को निरस्त कर दिया गया है।

रुस-यूक्रेन जंग का 18वां दिन नौ लोगों की मौत, 57 घायल

रुसी हमले से यूक्रेन के अधिकतर शहर जल रहे

कीव। रूस यूक्रेन युद्ध का रविवार को 18वां दिन है। रूस-यूक्रेन की जंग थमने की बजाय बढ़ती जा रही है। युद्ध के 18वें दिन रूसी सेना लगातार हमले कर रही हैं, जिससे यूक्रेन के अधिकतर शहर जल रहे हैं। हालात यह है कि लगातार हो रही गोलाबारी से सरकारी इमारतें और घर तबाह हो गए हैं। मेयर रुस्लान मार्टसिंकिव के हवाले से बताया कि रूसी सेना ने 13 मार्च को इवानो-फ्रैंकिवस्क एयरबेस पर हमला किया। मार्टसिंकिव ने बताया कि एयरबेस को लगातार दूसरे दिन रूस ने निशाना बनाया है। उन्होंने एयरबेस के करीब रहने वालों से शरणांतरित होने का आग्रह किया है। साथ ही रूसी सैनिकों ने कीव में ग्रीन कोरिडोर के जरिए रेस्क्यू कर रही महिलाओं और बच्चों पर गोली चला दी, जिसमें एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, युद्ध के 18वें दिन यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं। ल्वीव और खेरसान में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई है। स्थानीय अधिकारी के हवाले से बताया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के पश्चिमी शहर ल्वीव के बाहर एक सैन्य प्रशिक्षण केंद्र पर कई हवाई हमले किए। इस हमले में नौ लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 57 लोग घायल हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, बेलारूस के शहर मोजियर, होमेल और नारौलिया में मुर्दाघर रूसी सैनिकों के शवों से कथित तौर पर भरे हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रूसी सैनिकों के शवों को ट्रकों से लाया जा रहा है। इसके बाद ट्रेन या हवाई जहाज से इन शवों को रूस भेजा जा रहा है। वहीं ल्वीव क्षेत्रीय प्रशासन के हवाले से बताया कि रूसी सेना ने 13 मार्च को ल्वीव ओब्लास्ट में इंटरनेशनल सेंटर फार पीसकीपिंग एंड सिक्योरिटी मिलिट्री ट्रेनिंग बेस पर करीब आठ मिसाइलें दागीं हैं। हालांकि, अभी हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। यूक्रेन के इवानो-फ्रैंकिव्स्क में धमाकों की आवाज सुनी गई है। साथ ही इन शहरों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है और स्थानीय निवासियों को निकटतम आश्रय में जाने के लिए कहा गया है। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान आया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष जारी हैं, और आगे भी बढ़ सकता है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के पास रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के लिए कोई नहीं है। बाइडेन की सभी कमजोरी, कायरता और अक्षमता के बावजूद, यूक्रेन में इस त्रासदी को समाप्त करने के लिए उसके पास अभी भी एक रास्ता है। बिना अमेरिकियों को एक भीषण और बहुत खूनी युद्ध में फंसाए। ट्रम्प ने सुझाव दिया कि वाशिंगटन को मास्को को उग्र परिणामों के साथ धमकी देनी चाहिए।

केरल का रहने वाला 24 साल का युवक अफगानिस्तान में फिदायीन हमले में मारा गया

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता आने के बाद इस्लामिक स्टेट खुरासान लगातार बड़े हमलों के द्वारा अपनी मौजूदगी दिखा रहा है। साथ ही साथ वॉइस ऑफ खुरासान नाम की प्रोपगैंडा मैगजीन जारी करके अपने एजेंडे के बारे में दुनिया को बता रहा है। आईएसकेपी ने मैगजीन के दूसरे संस्करण में दावा किया है, कि भारत के केरल का रहने वाला 24 साल का लड़का अफगानिस्तान में फिदायीन हमले में मारा गया है। मैगजीन में दावा किया गया है, कि नजीब अल हिंदी नाम का नौजवान एम-टेक की डिग्री हासिल कर चुका था और केरल से हिजरा करने अफगानिस्तान के खुरासान प्रोवेंस में पहुंचा था। हालांकि मैगजीन में नजीब के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गई है। न ही ये बताया गया है कि वह किन हालातों के बीच मरा है या उसकी मौत किस समय हुई। मैगजीन के मुताबिक नजीब अल हिंदी आईएसकेपी के मुजाहिदीनों के बीच रहता था, नजीब की शादी पाकिस्तानी लड़की से हुई थी और शादी के कुछ दिन बाद ही नजीब अल हिंदी ने फिदायीन हमले के लिए खुद को तैयार किया था और बकायदा हमले को अंजाम भी दिया था। मैगजीन में किए गए दावे से खुफिया एजेंसियों की नींद उड़ गई है। जानकारी के मुताबिक, एनआईए सहित तमाम एजेंसियों के पास जो रिपोर्ट मौजूद है, उसमें कहा गया है कि केरल से तकरीबन 25 लोग जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। वहां आईएसआईएस ज्वाइन कर खुरासान में शिफ्ट कर गए थे।

कोविड-19 के कहर से चीन बेहाल, दो साल में सबसे अधिक संक्रमित सामने आए



बीजिंग। महामारी कोविड-19 को दुनिया भर में फैलाने के लिए बदनाम चीन में एक बार फिर इस घातक वायरस का संक्रमण कहर ढा रहा है। यहां दैनिक मामले शनिवार को दो साल में सबसे अधिक दर्ज किए गए। अधिकारियों ने बताया कि करीब दो हजार नए मामले आए हैं जिनमें बीजिंग के 20 संक्रमित शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने रविवार को बताया कि चीन की मुख्य भूमि पर शनिवार को कोविड-19 के स्थानीय तौर पर संक्रमण के 1,807 नए मामले आए जबकि 131 मरीज आयातित हैं। आयोग ने बताया कि स्थानीय संक्रमण के जो नए मामले आए हैं उनमें 1,412 मरीज जिलीन प्रांत के हैं जहां की राजधानी चांगचुन में चीन ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर पिछले शुक्रवार को लॉकडाउन लगाने का आदेश दिया था।

इस शहर में करीब 90 लाख आबादी रहती है। प्रशासन ने चांगचुन के अलावा हाल में शांडोंग प्रांत के युचेंग में भी लॉकडाउन का आदेश दिया है जिसकी आबादी करीब पांच लाख है। आयोग ने बताया कि जिलीन के अलावा शांडोंग में 175, ग्वांडोंग में 62, शांक्सी में 39, हेबेई में 33, जियांग्सू में 23, तियानजिन में 17 और बीजिंग में 20 नए मामले आए हैं। इस बीच, हांगकांग में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है जहां पर अधिकारियों ने कोविड-19 के 27,647 नए मामलों की पुष्टि की है। ब्रिटेन के पूर्व उपनिवेश हांगकांग में और 87 लोगों की कोविड-19 से मौत हुई है जिन्हें मिलाकर अबतक यहां 3,729 लोगों की जान जा चुकी है।

महाराष्ट्र में मिले कोरोना के 251 नए मरीज, मुंबई में 44 मरीज

मुंबई। मुंबई समेत समूचे महाराष्ट्र में कोरोना की तीसरी लहर पर काबू पा लिया गया है. रविवार को महाराष्ट्र में कोरोना के 251 नए मरीज मिले हैं जबकि मुंबई में 44 मरीज। इस प्रकार मुंबई में कोरोना मरीजों की संख्या में काफी हद तक कमी आई है। लेकिन रविवार को मरीजों की संख्या में शनिवार की तुलना में मामूली इजाफा हुआ है। रविवार को 44 नए मरीज मिले हैं जबकि शनिवार को 31 मरीज मिले थे। वहीं बीते 24 घंटे में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है. बात करें महाराष्ट्र की तो राज्य भर में कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को राज्य में 251 नए कोरोना वायरस के मरीज मिले हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हाई लेवल मीटिंग बुलाई। इस दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को देखते हुए भारत की सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा की गई। जब से रूस ने यूक्रेन पर अपना सैन्य हमला शुरू किया है, तब से प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रियों और सीनियर अधिकारियों के साथ कई उच्च-स्तरीय बैठकें कर चुके हैं। भारत ने युद्ध प्रभावित यूक्रेन में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए %ऑपरेशन गंगा% नाम से विशाल अभियान शुरू किया है। इन बैठकों में इस ऑपरेशन को लेकर विस्तार से बातचीत हुई है। रविवार की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और राष्ट्रीय

सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने हिस्सा लिया। मोदी ने दो युद्धरत राष्ट्रों के नेताओं-रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके यूक्रेनी समकक्ष वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ भी बातचीत की है। मोदी ने दोनों नेताओ से रक्तपात और विनाश को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति की वापसी की अपील की है। भारत अब तक रूस के आक्रमण के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को लेकर सतर्क रहा है। भारत संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को के खिलाफ पारित प्रस्ताव से दूर रहा। इस बीच, भारत सरकार और पीएम मोदी को प्रशंसा मिली है। साथ ही पड़ोसी देशों के नेताओं ने यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों को भी सुरक्षित वापस लाने के लिए धन्यवाद दिया है। उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध प्रभावित शहर सूमी से सुरक्षित बाहर निकाले गए छात्रों सहित 674 लोगों को लेकर तीन उड़ानें शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचीं। स्वदेश लौटे भारतीय नागरिक वहां के खौफनाक मंजर और युद्ध के दौरान दो हफ्ते तक अपनी जान बचाने को लेकर की गई कोशिशों को बयां करते हुए सहम गए। एअर इंडिया और इंडिगो की दो उड़ानें 461 लोगों के साथ सुबह पौने छह बजे और दोपहर 12 बज कर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची।

केंद्र का ईपीएफ जमा पर ब्याज घटाना जनविरोधी और मजदूर विरोधी फैसला - ममता बनर्जी

कोलकाता। केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर को घटाने की कड़ी आलोचना की है। ईपीएफ राशि में 8.1 प्रतिशत करने के फैसले का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध किया है। ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए इस फैसले को जनविरोधी और मजदूर विरोधी बताया।

ममता बनर्जी ने ट्वीट किया, यूपी में जीत के बाद बीजेपी सरकार तुरंत अपना गिफ्ट कार्ड लेकर आई है। केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले 4

दशक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। यह प्रस्ताव बीजेपी के असली चेहरे को बेनकाब करता है। यह प्रस्ताव उस समय आया है, जब देश के मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के कामगार और कर्मचारी पहले से ही कोरोना महामारी की वजह से आर्थिक परेशानी से गुजर रहे हैं। ममता बनर्जी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किए। ममता बनर्जी ने आगे कहा, बीजेपी को जनविरोधी और मजदूर विरोधी बताया और कहा कि, यह कदम सरासर मजदूर और जन के विरोध में है। यह केंद्र सरकार की उस क्रूर और एकतरफा सार्वजनिक नीति को भी उजागर करता है, जो किसानो, श्रमिकों और मध्यमवर्गीय को नजरअंदाज कर उद्योगपतियों के हितों की रक्षा करता है। विपक्ष की सभी पार्टियों को संयुक्त रूप से एकजुट होकर इस काले कानून का विरोध करना होगा। केंद्र सरकार ने कहा कि ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ब्याज दरों को 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया गया है।

खास खबर

द कश्मीर फाइल्स देखकर रो पड़े लाल कृष्ण आडवाणी

नई दिल्ली। द कश्मीर फाइल्स फिल्म उन कश्मीरी पंडितों की कहानी है जिन्होंने दिल दहलाने वाला नरसंहार झेला और उन्हें उनके ही

घर से बेघर कर दिया गया। सिनेमाहॉल में फिल्म की शुरुआत ही रोंगटे खड़े करने वाली है। शायद ही ऐसी कोई आंख होगी जो फिल्म देखकर नम ना हुई हो। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि आडवाणी द कश्मीर फाइल्स देखकर रो रहे हैं। बता दें कि एलके आडवाणी कश्मीर पर बनी फिल्म की स्क्रीनिंग में जरूर हैं लेकिन वह फिल्म द कश्मीर फाइल्स नहीं है। यहां जानिए क्या है सच। कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा पर फिल्म कश्मीरी फाइल्स में कई सीन सुन्न कर देने वाले हैं। थिएटर्स में फिल्म देखने वाले बड़ी मुश्किल से अपने आंसू रोक पा रहे हैं। कई लोग फिल्म देखने के बाद भी काफी डिस्टर्ब हैं। सोशल मीडिया पर भी कश्मीरी पंडितों को भगाए जाने की घटना फिर से चर्चा में आ गई है। इस बीच बीजेपी लीडर लाल कृष्ण आडवाणी का एक वीडियो वायरल है। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान वह इमोशनल दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वह फिल्म देखने सिनेमाहॉल पहुंचे थे। सीन देखकर खुद को रोक नहीं पाए और रोने लगे। हालांकि यह दावा गलत है। वीडियो में लाल कृष्ण आडवाणी फिल्म देखने के बाद उदास जरूर हैं। हालांकि यह फिल्म द कश्मीर फाइल्स नहीं बल्कि कश्मीर पर बनी फिल्म शिकारा है। आडवाणी के पास विधु विनोद चोपड़ा दिखाई दे रहे हैं। फिल्म उन्हीं के डायरेक्शन में बनी थी। फिल्म भारत में कोरोना वायरस फैलने के पहले 7 फरवरी 2020 को रिलीज हुई थी।

यूपी- भाजपा की जीत का थीम सॉन्ग बजाने पर बारात पर हमला

औरैया। यूपी के औरैया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संबंधित चुनावी थीम सॉन्ग बजाने पर कुछ बदमाशों ने बारातियों पर हमला बोल दिया और पिटाई कर दी। खबरों के मुताबिक, एक बारात के सदस्य शुक्रवार रात विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से भाजपा की जीत का जश्न मना रहे हैं। तभी कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनकी पिटाई कर दी और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की। उन्होंने उनकी नकदी और जेवर भी छीन लिए। गांव दिलीपपुर निवासी बृजभान सिंह के मुताबिक वह अपने बेटे रोहित की बारात लेकर जा रहे थे और मेहमान चार कारों और तीन वैन समेत करीब सात अलग-अलग वाहनों में यात्रा कर रहे थे। बीजेपी की जीत पर योगी-मोदी की तारीफ में गाना बजाया जा रहा था तभी कुछ लोगों ने जबरन वाहनों को रोका और जुलूस पर हमला किया और वाहनों में तोड़फोड़ भी की। इसके बाद में वे दुल्हन को दिए जाने वाले गहनों के अलावा एक कार में रखे गए 2 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। कार और वैन का अगला शीशा टूटने से कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। रुरुगंज चौकी प्रभारी तन्मय चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

मुठभेड़ में दिल्ली पुलिस ने 4 हथियारबंद लुटेरे को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राष्ट्रीय राजधानी के शाहदरा में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 4 हथियारबंद लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले विक्रम सिंह उर्फ पिंटू, शुभम चौधरी उर्फ सनी, देव कुमार उर्फ दिनेश और हरि किशन के रूप में हुई है। डीसीपी आर सथियासुंदरम ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को एक गुप्त सूचना मिली कि लूट के मामले में शामिल बदमाशों की मौजूदगी की संभावना है, जिसमें दो बाइक सवार अपराधियों ने बंदूक की नोक पर 3 लाख रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने एक जाल बिछाया और कारों की जांच के लिए बैरिकेड्स भी लगाए।

ईसी की पाबंदी के बाद विजय जुलूस निकालने पर सपा विधायक पर एफआईआर दर्ज

कानपुर। यूपी की औद्योगिक नगरी कानपुर में समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ चुनाव आयोग की रोक के बाद विजय जुलूस निकालने का मामला दर्ज किया गया है। इस एफआईआर में 500 अज्ञात लोगों और उनके समर्थकों को भी नामजद किया गया है, जिनकी पहचान अब सोलंकी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो से की जा रही है। इंस्पेक्टर जैनेंद्र सिंह तोमर ने संवाददाताओं से कहा कि लोगों को अन्य की पहचान करने के लिए और वीडियो उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि इन वीडियो के आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

न्यूज़ ट्रैक....

जीत के लिए शुरु से लय बनानी होगी : यशस्वी

नई दिल्ली । राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि उनकी टीम को आईपीएल में शुरु से ही लय बनानी होगी। यशस्वी के अनुसार उनकी टीम अच्छी और संतुलित है पर जीत के लिए उसे साहसिक फैसले भी लेने होंगे। पिछले साल दस मैचों में 148.21 की औसत से रन बनाने वाले इस बल्लेबाज को रॉयल्स ने इस बार भी तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ ही बरकरार रखा है। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह बढ़े हुए मनोबल ओर उम्मीद के साथ इस सत्र की प्रतीक्षा कर रहा है। साथ ही कहा कि हमारी टीम के पास वह सब कुछ है जो किसी टीम को जीत के लिए चाहिये होता है। टीम के पास बल्लेबाजों और गेंदबाजों का अच्छा संतुलन है और वह मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम है। गौरतल है कि रॉयल्स ने साल 2008 में खिताब जीता पर उसके बाद से ही वह फाइनल में नहीं पहुंच सकी है। जायसवाल ने कहा कि हमें पता है कि यहां से जीतने के लिये क्या करना है पर इसके लिए मैदान पर हिम्मत ओर हौंसला दिखाने की जरूरत रहेगी। जीत के लिए कई बार हमें साहसिक फैसले भी लेने होते हैं इसलिए उनसे पीछे नहीं हटना चाहिये।

विश्व कप तक ही ब्राजील के कोच रहेंगे टिटे

साओ पाउलो (ईएमएस)। ब्राजील को कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के बाद नया कोच तलाशना होगा। इसका कारण है कि कोच टिटे ने दिसंबर में होने वाले विश्व कप फुटबॉल के बाद अपना पद छोड़ने की घोषणा की है। टिटे ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा, 'मैं विश्व कप के अंत तक ही टीम के साथ रहूंगा। यह इस बारे में बात करने का यह समय नहीं है पर मैं किसी चीज को छिपाना भी नहीं चाहता।%% गौरतलब है कि टिटे साल 2016 से ही टीम के साथ जुड़े हुए हैं। साठ साल के टिटे ने हालांकि खुलासा नहीं किया कि वे विश्व कप के बाद क्या करेंगे। ब्राजील की टीम ने कतर में होने वाले विश्व कप में पहले ही अपनी जगह पक्की कर ली है हालांकि दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अभी दो दौर के मुकाबले शेष हैं। ब्राजील में आमतौर पर कोच का अनुबंध नहीं बढ़ाया जाता इसके बाद भी साल 2018 में उनका अनुबंध बढ़ाया गया था।

नई जर्सी में नजर आयेगी दिल्ली कैपिटल्स

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में एक नई जर्सी में नजर आयेगी। कैपिटल्स ने इस नई जर्सी को लांच कर दिया है। कैपिटल्स की टीम ने अपनी इस नई जर्सी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। कैपिटल्स की नई जर्सी सबसे पहले टीम के एक प्रशंसक को दी गयी। नई जर्सी के लांच किये जाने के अवसर पर टीम के अंतरिम मुख्य कार्यकारी विनोद बिष्ट ने कहा कि यह आईपीएल का एक नया सीजन है और हम अपने खिलाड़ियों को इस नई जर्सी में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारी टीम के प्रशंसकों के लिए यह गौरव का पल है। इसलिए हमें हर स्तर पर उन्हें अपनी यात्रा में शामिल करना होगा। कैपिटल्स की इस नई जर्सी में लाल और नीले रंग के बराबर डैश बने हैं। नई जर्सी युवा और जीवंत ऊर्जा को दिखाती है। इसमें लाल टीम मैदान में साहस का प्रतीक है, वहीं नीला रंग संतुलन और संयम का प्रतीक है। वहीं बाघ कैपिटल्स के लोगों का एक आंतरिक हिस्सा है। यह बड़ा और साहसी है क्योंकि टीम फिर से मुकाबले के लिए तैयार है। आईपीएल के इस सत्र की शुरूआत 26 मार्च से होगी। इसमें दिल्ली की टीम को अपना पहला मुकाबला 27 मार्च को मुंबई इंडियंस से खेलना है।

32वीं राष्ट्रीय सीनियर एवं जूनियर कैनो स्प्रीन्ट चैम्पियनशिप-2022

मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 23 स्वर्ण, 19 रजत और 6 कांस्य सहित 48 पदक

भोपाल । भोपाल की छोटी झील पर 10 से 13 मार्च, 2022 तक खेली जा रही 32वीं राष्ट्रीय सीनियर एवं जूनियर केनो स्प्रीन्ट चैम्पियनशिप के तीसरे दिन म.प्र. के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 10 रजत और 2 कांस्य पदक अर्जित किए। म.प्र. के खिलाड़ियों ने अब तक 23 स्वर्ण, 19 रजत और 6 कांस्य सहित 48 पदक अर्जित किए। मध्य प्रदेश की 47 सदस्यीय टीम में अकादमी के 28 खिलाड़ी शामिल है।

चैम्पियनशिप के अंतर्गत आज 500 एवं 5000 मीटर रैस में मुकाबले खेले गए। 500 मीटर मुकाबलों में के-1 वूमेन स्पर्धा में दीपाली हुडा ने कांस्य पदक जीता। सी-1 वूमेन स्पर्धा में कावेरी ड्रीमर ने स्वर्ण पदक तथा के-2 मेन्स में म.प्र. को रजत पदक मिला। इसी तरह के-1 जूनियर मेन्स स्पर्धा में नीतिन वर्मा को स्वर्ण, सी-1 जूनियर मेन्स में नीरज वर्मा को रजत पदक मिला। के-2 जूनियर मेन्स में अश्वित बारोई और नीतिन वर्मा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सी-2 वूमेन स्पर्धा में नमीता चंदेल और नीतू वर्मा की जोड़ी ने रजत पदक जीता। के-4 स्पर्धा में विशाल, संजेश, अश्वित और हिमांशू की चौकड़ी ने रजत पदक अर्जित किया। के-1 मेन्स में देवब्रत सिंह ने रजत पदक जीता। के-4 जूनियर मेन्स स्पर्धा में अश्वित, संजेश, भोला सिंह और यशु की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सी-1 जूनियर वूमेन स्पर्धा में शिवानी वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। सी-2 जूनियर मेन्स में देवेन्द्र सेन और नीरज वर्मा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सी-4 स्पर्धा में सरजू देवी, अंजली, कीर्ति और नीतू वर्मा की चौकड़ी ने स्वर्ण, के-4 वूमेन स्पर्धा में सुषमा, आस्था, स्वाति और शिवकन्या वर्मा की चौकड़ी ने रजत पदक, के-1 जूनियर वूमेन में बिनीता चानू ने रजत पदक, के-2 जूनियर वूमेन स्पर्धा में आस्था दांगी और निहारिका जायसवाल की जोड़ी ने स्वर्ण पदक तथा के-4 जूनियर वूमेन स्पर्धा में आस्था, निहारिका, स्नेहा तथा बिनीता चानू की चौकड़ी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया।

5000 मीटर रैस के मुकाबलों में विशाल दांगी और बलवीर जाट की जोड़ी ने के-2 मेन में रजत पदक, सी-2 मेन्स में देवेन्द्र सेन और नीरज वर्मा की जोड़ी रजत पदक, के-2 वूमेन में आस्था दांगी और सुषमा वर्मा की जोड़ी ने रजत पदक, के-1 वूमेन स्पर्धा में दीपाली हुडा ने कांस्य पदक, सी-1 जूनियर मेन्स में देवेन्द्र सेन ने स्वर्ण पदक, सी-1 वूमेन स्पर्धा में शिवानी वर्मा ने स्वर्ण पदक, के-1 जूनियर मेन्स में नीतिन वर्मा ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सी-1 वूमेन स्पर्धा में कावेरी ड्रीमर ने स्वर्ण पदक जीता।

महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में कंगारूओं की लगातार तीसरी जीत

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 141 रन से हराया

विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत का सिलसिला जारी है। ऑस्ट्रेलिया ने अपने तीसरे लीग मैच में न्यूजीलैंड को 141 रनों से हराकर तीसरी जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया पॉइंट्स टैली में टॉप पर आ गई है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में न्यूजीलैंड के समक्ष 270 रन का लक्ष्य रखा। टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 128 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस हार का असर न्यूजीलैंड की रन रेट पर भी प2ेगा, जिससे बाद में टॉप चार में पहुंचने में दिक्कत हो सकती है।

न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब

ऑस्ट्रेलिया के दिए 270 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। 10.4 ओवर में 30 रन पर उसके 4 विकेट गिर चुके थे। पहला विकेट 22 रन, दूसरा 23 रन और तीसरा विकेट 24 रन पर गिरा। यानी, 2 रन के अंदर 2 विकेट गिरे।

न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा 44 रन सदरवेट ने बनाए। वहीं टीम के 6 बल्लेबाज तो दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डर्सी ब्राउन ने 3 विकेट, जबकि गार्डनर और अमांडा ने 2-2 विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर मे 8 विकेट पर बनाए थे 269 रन

इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की भी शुरुआत खराब रही। उसके 3 विकेट सिर्फ 56 रन पर ही गिर गए थे। पर पहले मैक्ग्रा और फिर एलीस पेरी ने टीम को पटरी पर लाने का काम किया। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। मैक्ग्रा ने 57, रन जबकि पेरी ने 68 रन बनाए। इनके अलावा गार्डनर ने 18 गेंदों पर 48 रन की नाबाद पारी खेल टीम को 269 रन तक पहुंचानें में मदद की।

झूलन ने फुलस्टन का रिकार्ड तोड़ा

हैमिल्टन । भारतीय क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में एक विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इस विकेट के साथ ही झूलन एकदिवसीय विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। झूलन ने 40 वां विकेट लेने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज गेंदबाज लिन फुलस्टन के 39 विकेट का रिकार्ड तोड़ा। यह रिकार्ड 34 साल पुराना था। झूलन ने वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद का विकेट लेने के साथ ही महिला विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। महिला विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पांच गेंदबाजों में इंग्लैंड की कैरोल होजेस 37 विकेट, क्लेयर टेलर 36 विकेट और ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के 33 विकेट भी शामिल हैं।

शाकिब अपने रुख से पलटे

ढाका । बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपने पहले वाले फैसले से पलटते हुए कहा है कि वह इस साल तीनों प्रारूपों टेस्ट, एकदिवसीय ओर टी-20 में राष्ट्रीय टीम से खेलने के लिए तैयार है। इससे पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका दौरे से इंकार करते हुए कहा कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रुप से तरोताजा होने के लिएब्रेक की जरुरत है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष नजमुल हसन से बातचीत के बाद शाकिब के रुख में बदलाव आया है। शाकिब ने कहा है कि मैं तीनों प्रारूपों में उपलब्ध रहूंगा और बोर्ड तय करेगा कि मुझे कब आराम देना है। मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं।

रोनाल्डो सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बने

लंदन । पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो ने प्रीमियर लीग में टोटेनहम के खिलाफ गोल करते ही विश्व फुटबॉल में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रोनाल्डो अब विश्व फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गये हैं। रोनाल्डो ने 807 गोल के साथ ही पेशेवर फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल स्कोरर के रूप में अपना नाम दर्ज किया है। रोनाल्डो ने सबसे ज्यादा गोल की दौड़ में जोसेफ बीकन को पीछे छोड़ा। बीकन के नाम 805 गोल हैं।

क्रिस्टियानो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड की ओर से खेलते हुए 12वें मिनट में अपने करियर का 805वां गोल किया। वहीं हैरी केन ने 35वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। 38वें मिनट में रोनाल्डो ने जादोन सांचो के शानदार क्रॉस को गोल में बदल कर करियर का 806 वां गोल किया और सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने।

वहीं टोटेनहम के हैरी मगुइर ने 72वें मिनट में गोल करके चलते स्कोर 2-2 कर दिया और इस प्रकार मैनचेस्टर ने बढ़त खो दी। मैनचेस्टर ने इसके बाद तब बढ़त बनाई जब रोनाल्डो ने 81वें मिनट में एक हैट्रिक लगायी। रोनाल्डो ने पिछले 13 कैलेंडर वर्षों में से प्रत्येक में क्लब स्तर पर हैट्रिक लगायी है। यह रोनाल्डो के करियर की 59वीं हैट्रिक थी और 2008 के बाद से ओल्ड ट्रैफर्ड के लिए उनकी पहली हैट्रिक थी।

रोनाल्डो ने इसी के साथ ही अपने क्लब करियर की 49वीं हैट्रिक बनाई और अगस्त 2003 (37साल और 146 दिन) में टेडी शेरिंघम के बाद तिहरा नेट करने वाले प्रीमियर लीग के इतिहास में दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इसके अलावा रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए अपना 94वां और 95वां प्रीमियर लीग गोल भी रिकॉर्ड किया।

व्यापारन्यूज

टाटा स्टील ने की रूसी कोयले के विकल्प की तलाश शुरू

कोलकाता । टाटा स्टील ने कहा कि वह रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के बीच रूसी आपूर्तिकर्ताओं और बैंकों के साथ अनिश्चितता का सामना कर रही है और कोयले के आयात के लिए वैकल्पिक बाजारों की तलाश कर रही है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद के भू-राजनीतिक हालात ने यूरोप में इस्पात निर्यात के नए अवसर भी खोले हैं। इस संघर्ष के चलते रूस और यूक्रेन की आपूर्ति बाधित होने से यूरोप में 4.5 करोड़ टन इस्पात की कमी हो गई है। नरेंद्रन ने सीआईआई पूर्वी क्षेत्र की वार्षिक बैठक में कहा कि टाटा स्टील कोयले के आयात के लिए वैकल्पिक बाजारों की तलाश करेगी। इस समय रूसी आपूर्तिकर्ताओं और बैंकरों को लेकर काफी अनिश्चितता है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील अपनी कोयला जरूरतों का 10-15 फीसदी रूस से खरीदती है।

गेल ने पांच रुपए प्रति शेयर का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) ने चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए पांच रुपए प्रति शेयर या 50 प्रतिशत का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि कुल लाभांश भुगतान 2,220.19 करोड़ रुपए रहेगा और इसकी रिकॉर्ड तिथि 22 मार्च है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के महारत्न उपक्रम गेल के निदेशक मंडल की 11 मार्च को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। गेल चालू वित्त वर्ष के लिए पहले ही दिसंबर, 2021 में चार रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा कर चुकी है। इस तरह दो अंतरिम लाभांश नौ रुपए प्रति शेयर बैठते हैं। कुल लाभांश भुगतान 3,996.35 करोड़ रुपए रहेगा। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने कहा कि कंपनी के शेयरधारकों को उनके निवेश पर सतत दीर्घावधि का रिटर्न प्रदान किया जा रहा है।

नवी टेक्नोलॉजीज आईपीओ लाने की तैयारी में, 3350 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

मुंबई । सचिन बंसल की अगुवाई वाली नवी टेक्नोलॉजी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के द्वारा 3,350 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह नया निर्गम होगा और इसमें कोई भी बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बंसल आईपीओ में अपनी हिस्सेदारी कम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने अब तक नवी में लगभग 4,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि आईपीओ के जून में खुलने की संभावना है।

अब डिजिटाइज होगी व्हीकल स्क्रेपिंग फैसिलिटी

रजिस्ट्रेशन और फंक्शन के लिए जारी हुआ नोटिफिकेशन

मुंबई । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर व्हीकल्स (रजिस्ट्रेशन और व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी अमेंडमेंट) नियम, 2022 से संबंधित मसौदा अधिसूचना जारी किया है। ये मोटर व्हीकल्स (रजिस्ट्रेशन और वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी) के नियम दिनांक 23 सितंबर 2021 में संशोधन हैं, जो रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी की स्थापना के लिए प्रक्रिया निर्धारित करते हैं। ये संशोधन, इकोसिस्टम के सभी हितधारकों, जैसे वाहन मालिकों, आरवीएसएफ ऑपरेटरों, डीलरों, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारों आदि के लिए वाहन स्क्रैपिंग की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाने के लिए किए गए हैं। ये संशोधन, नियमों पर प्राप्त फीडबैक के आधार पर किए गए हैं।कारोबार में आसानी सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रियाओं को समयबद्ध बनाया गया है। मसौदा अधिसूचना वाहन मालिकों को वाहन स्क्रैपिंग के लिए डिजिटल रूप से आवेदन करने का प्रावधान करती है और वाहन स्क्रैपिंग के लिए सभी आवेदन डिजिटल रूप से जमा करने होंगे। आरवीएसएफ वाहन मालिकों को अपने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए डिजिटल रूप से आवेदन करने में मदद करने के लिए सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करेगा। वाहन मालिक द्वारा आवेदन जमा करने से पहले वाहन डेटाबेस से की जाने वाली आवश्यक जांच को निर्दिष्ट किया गया है। इन जांचों में शामिल हैं- वाहन का किराया-खरीद, सीज या अवधारणा समझौता जमा करना, नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के रिकॉर्ड में वाहन के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, वाहन पर कोई बकाया नहीं है और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों द्वारा वाहन को ब्लैकलिस्ट करने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। इनमें से किसी भी जांच में विफल रहने वाले वाहनों के लिए आवेदन जमा नहीं किए जाएंगे। वाहन जमा करने के समय वाहन मालिक और आरवीएसएफ ऑपरेटर द्वारा वचन-पत्र की शुरुआत से यह सुनिश्चित होगा कि स्क्रैपिंग के लिए प्रस्तुत करने से पहले और बाद में वाहन की जिम्मेदारी में पारदर्शिता बरती गई है। स्क्रैपिंग के लिए प्रस्तुत वाहन से संबंधित अधिक विवरण जमा प्रमाण पत्र में शामिल करना, ताकि उक्त प्रमाण पत्र के कारोबार में पारदर्शिता को सक्षम बनाया जा सके। उक्त प्रमाण पत्र वाहन मालिकों को डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगे और इनकी वैधता अवधि 2 वर्ष की होगी। जमा के हस्तांतरण प्रमाणपत्र की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए कि इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग के माध्यम से जमा प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के पास लेनदेन का डिजिटल प्रमाण मौजूद है।

सोने का आयात चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में बढ़कर 45 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली । चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) में देश का सोने का आयात 73 प्रतिशत बढ़कर 45.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मांग बढ़ने से सोने का आयात में बढ़ोतरी हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में सोने का आयात 26.11 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2022 में बहुमूल्य धातु का आयात हालांकि 11.45 प्रतिशत घटकर 4.7 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में सोने का आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा भी बढ़ा है। 2021-22 के पहले 11 माह में व्यापार घाटा बढ़कर 176 अरब डॉलर हो गया है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 89 अरब डॉलर रहा था। चीन के बाद भारत सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की जरूरत को पूरा करने के लिए किया जाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 57.5 प्रतिशत बढ़कर 35.25 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक के अनुसार चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा (कैड) 9.6 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 1.3 प्रतिशत रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा कि अप्रैल-फरवरी, 2022 के दौरान सोने का मासिक आयात औसतन 76.57 टन रहा है, जो सामान्य स्तर से कम है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में सोने का आयात 842.28 टन रहा है, जो सामान्य आयात से कम है।

एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाई

मुंबई । भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने होली से पहले करोड़ों ग्राहकों को एक तोहफा दिया है। बैंक ने डॉमेस्टिक बल्क डिपॉजिट पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ये नई दरें 10 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। बल्क डिपॉजिट से आशय 2 करोड़ रुपए और इससे ज्यादा के फिक्स्ड डिपॉजिट से है। बैंक ने दरों में 20 से 50 आधार अंकों तक का इजाफा किया है। बैंक ने 211 दिन से लेकर एक साल तक के टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.1 से बढ़ाकर 3.30 फीसदी कर दिया है। इसी तरह एक साल से लेकर 10 साल तक के विभिन्न बल्क टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.10 से बढ़ाकर 3.60 कर दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक ने अपने ऑफिशियल वेबसाइट पर बताया कि ये नई ब्याज दरें 10 मार्च, 2022 से लागू हो गई हैं। एसबीआई अपने सीनियर सिटीजन कस्टमर्स को भी इसका लाभ देगी। बैंक ने 211 दिन से लेकर एक साल तक के टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.60 से बढ़ाकर 3.80 फीसदी कर दिया है। इसी तरह एक साल से लेकर 10 साल तक के विभिन्न बल्क टर्म डिपॉजिट पर ब्याज दरों को 3.60 से बढ़ाकर 4.10 कर दिया गया है। एसबीआई ने बताया कि इन नई एफडी दरों का लाभ नई डिपॉजिट कराने के साथ ही पुरानी डिपॉजिट को रिन्यू कराने पर भी मिलेगा। इसके साथ ही मैच्योरिटी के पहले एफडी निकालने पर एक फीसदी जुर्माना देना होगा।

डीएसएफ-तीन तेल दौर की बोली एक अप्रैल से: डीजीएफ

नई दिल्ली । खोज किए गए छोटे क्षेत्रों की नीति (डीएफएस-तीन) के बोली दौर के तहत 75 छोटे और सीमान्त तेल एवं गैस खोजों की नीलामी एक अप्रैल से शुरू होगी। हाइड्रोकॉर्बन महानिदेशालय (डीजीएफ) ने यह जानकारी दी है। इन क्षेत्रों में ज्यादातर ओएनजीसी के पास है। इन क्षेत्रों के लिए तीसरी बोली का दौर 10 जून, 2021 को शुरू किया गया था। बोलियां जमा करने की मूल तारीख 31 अगस्त, 2021 थी। हालांकि इसे टालकर 29 अक्टूबर, 2021 कर दिया गया। उसके बाद इसकी शुरुआत को फिर टालकर एक फरवरी, 2022 किया गया। यह 15 मार्च, 2022 को संपन्न होनी थी। बोली की तिथि नजदीक आने के साथ इसे फिर बिना कोई वजह बताए टाल दिया गया। डीजीएफ ने कहा कि डीएसएफ बोली दौर- तीन के तहत बोलियां जमा करने की शुरुआत एक अप्रैल, 2022 से होगी।

सेंसेक्स की प्रमुख नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.91 लाख करोड़ बढ़ा

प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंसपहले स्थान पर बरकरार रही

मुंबई पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,91,434.41 करोड़ रुपए बढ़ा है। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 49,492.7 करोड़ रुपए बढ़कर 16,22,543.06 करोड़ रुपए, इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 41,533.59 करोड़ रुपए बढकर 7,66,447.27 करोड़, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 27,927.84 करोड़ रुपए बढ़कर 13,31,917.43 करोड़ रुपए और भारती एयरटेल का 22,956.67 करोड़ रुपए बढ़कर 3,81,586.05 करोड़ रुपए पहुंच गया। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 17,610.19 करोड़ रुपए बढ़कर 4,92,204.13 करोड़ रुपए पर और एचडीएफसी

बैंक की 16,853.02 करोड़ रुपए बढ़कर 7,74,463.18 करोड़ रुपए पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार मूल्यांकन में 7,541.3 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,19,813.73 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 5,308.61 करोड़ रुपए बढ़कर 4,00,014.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी ने सप्ताह के दौरान 2,210.49 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 4,04,421.20 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 7,023.32 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 4,71,047.52 करोड़ रुपए रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

नेटफ्लिक्स की 'बाहुबली' में वामिका गाबी ने मृणाल ठाकुर को किया रिप्लेस, निभाएंगी शिवगामी का किरदार

मल्टीप्लेक्स में धूम मचाने वाली फिल्म 'बाहुबली' पर नेटफ्लिक्स एक वेब सीरीज बना रही है. जिसका नाम 'बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग' है. ये सीरीज तैयार होने से पहले ही काफी सुर्खियों में हैं. पिछले कुछ समय पहले जहां इसकी शूटिंग में 100 करोड़ रुपए के बर्बाद होने की खबर सामने आई थी. वहीं अब पता चला है कि शो में शिवगामिनी के किरदार के लिए फाइनल की गई एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को हटा दिया गया है. उन्हें वामिका गाबी ने रिप्लेस किया है. सूत्रों के मुताबिक सीरीज की करीब 70 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी थी. जिसमें लगभग 100 करोड़ रुपए भी खर्च हो गए. मगर नेटफ्लिक्स को ये पसंद नहीं आई और रिजेक्ट कर दिया. ऐसे में पूरे शो को दोबारा से शूट करने को कहा गया. इसके लिए बजट भी दोगुना कर 200 करोड़ कर दिया है. इसके अलावा कास्ट में भी बदलाव किए गए है. चूंकि शिवगामी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मृणाल के पास दोबारा शूटिंग के लिए वक्त नहीं है. ऐसे में उन्हें रिप्लेस करने के लिए पंजाबी एक्ट्रेस वामिका गाबी को चुना गया है. वामिका को इससे पहले जब वी मेट, मौसम और लव आज कल जैसी फिल्मों में देखा गया था. अभी तक दर्शकों ने फिल्म 'बाहुबली: द बिगनिंग' और 'बाहुबली: द कन्क्लूजन' देखा है. मगर नेटफ्लिक्स ने 'बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग' दिखाने का मन बनाया है. मतलब इसमें बाहुबली द बिगनिंग से पहले के किस्सों को दर्शाया जाएगा. ये एक तरह का प्रीक्वेल होगा. दर्शकों में सीरीज को लेकर क्रेज बना रहे है इसलिए इसे दिलचस्प तरीके से बनाए जाने की कोशिश की जा रही है. नेटफ्लिक्स की 'बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग' आनंद नीलकंठन की किताब द राइज ऑफ शिवगामी पर आधारित है. सीरीज में करीब नौ एपिसोड होंगे. इसमें शिवगामी के एक विद्रोही लड़की से एक प्रभावशाली रानी बनने के सफर को दिखाया जाएगा. इस सीरीज को बनाने में एस.एस राजमौली के साथ देव कट्टा और प्रवीण सतारू अहम भूमिका में होंगे. बाहुबली: बिफोर द बिगनिंग' को दोबारा शूट करने का काम तेजी से हो रहा है. टीम पूरी कोशिश कर रही है कि शूटिंग जल्दी पूरी कर ली जाए और इस बार नेटफ्लिक्स को कंटेंट पसंद आए. इस सीरीज को साल 2021 के आखिरी में रिलीज करने की योजना है।

'अजीब दास्तां' ने रूढ़िवादी धारणा को तोड़ने में मदद की: नुसरत

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म 'अजीब दास्तां' की शूटिंग के दौरान शानदार समय बिताया। वह कहती हैं कि इस फिल्म में उनकी भूमिका ने रूढ़िवादी धारणा (स्टीरियोटाइप) को तोड़ने में मदद की है। अभिषेक बनर्जी और इनायत वर्मा के साथ राज मेहता द्वारा निर्देशित 'खिलौना' नाम के सेगमेंट में नुसरत घरों में काम करने वाली लड़की का किरदार निभा रही हैं, जिसमें उनका नाम मीनल है। कहानी उनके और उनकी बहन के लिए एक सभ्य जीवन पाने के लिए उसके किए गए संघर्ष को उजागर करती है और इसके अंत में एक चौंकाने वाला मोड़ भी देखने को मिलता है। नुसरत ने कहा, हमने फिल्म की केवल आठ दिनों तक शूटिंग की, लेकिन मैं बेहद ईमानदारी के साथ कहूं तो मैंने किसी अन्य फिल्म की शूटिंग में, जिसमें मैंने काम किया है, इतना मजा नहीं लिया है। राज एक प्रतिभाशाली है, लेकिन साथ ही वह प्रफुल्लित करने वाला, मजेदार और काफी कूल भी है। वह वास्तव में एक जोशीले फिल्म निर्माता हैं और वह फिल्म के निर्देशन और सेट पर होने की प्रक्रिया का आनंद उठाते हैं। नुसरत ने शूटिंग प्रक्रिया के दौरान आनंद लेते हुए काम करने पर जोर दिया। नुसरत कहती हैं कि इस फिल्म का किरदार उनकी पहले की भूमिकाओं से बहुत अलग है। नुसरत ने कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी धारणा से बाहर निकलकर अनुभव प्राप्त किया है। 'अजीब दास्तां' 16 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें फातिमा सना शेख, जयदीप अहलावत, अभिषेक बनर्जी, इनायत वर्मा, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, शेफाली शाह, मानव कौल और टोटा रॉय चौधरी भी दिखाई देंगे।

करीना कपूर खान चाहती हैं भूरी होना!

करीना कपूर खान भूरी होना चाहती हैं। उन्होंने अपनी चाहत का इजहार सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिये किया। मंगलवार को करीना ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अच्छी त्वचा की नुमाइश करती नजर आ रही हैं। करीना ने तस्वीरों के साथ लिखा, मुझे टैन ओके की जरूरत है। अब कसरत करने जा रही हूं। फोटो शेयरिंग वेबसाइट पर करीना की तस्वीरों को इस समय तक 189 लाइक मिल चुके हैं। वह अपने दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद, काम पर लौट आई हैं। करीना और सैफ इस साल 21 फरवरी को दूसरे बेटे के मम्मी-डैडी बने थे।

पुरुषों और महिलाओं के लिए रेजर में क्या अंतर है, आप जानते हैं?

पुरुषों और महिलाओं के बीच कोई विभाजन नहीं है, दोनों समान रूप से कंधे से कंधा मिलाकर काम करने में सक्षम हैं। साबित कर दिया कि तो रूपकरा के मामले में उस पारंपरिक रास्ते को क्यों चुना गया है? कंपनियां लिंग आधारित उत्पादों को पुरुषों और महिलाओं में विभाजित करने के लिए रंग पर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करती हैं। सबसे आम लेकिन महत्वपूर्ण बात उस्तरा है। दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में अलग से बात नहीं करना बेहतर है। लिंग आधारित उत्पादों को बेचने के लिए कंपनियां कई तरह के तरीकों का इस्तेमाल करती हैं। बाजार में केवल महिलाओं के लिए गुलाबी और चमकीले रंग के रेजर देखे जाते हैं। और पुरुषों के लिए, नीले, ग्रे और नारंगी का रुझान अभी भी उस पारंपरिक नियम के अनुसार जारी है। हालांकि, रंग को पहचानने के लिए कोई नियम नहीं हैं। वास्तव में, पुरुषों और महिलाओं के शारीरिक संविधान के अनुसार रेजर बनाए जाते हैं। शरीर के बाहरी हिस्सों पर पैर और हाथ सहित उपयोग के लिए महिलाओं के रेजर की संरचना पुरुषों की तुलना में काफी अलग है। महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले रेजर का मुख्य हिस्सा तुलनात्मक रूप से बड़ा होता है। हालांकि गोल या चौकोर, मुख्य भाग के उपयोग के दौरान जल्दी से घूमने में सक्षम होने का लाभ है। ये रेजर इस बात को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं कि हाथों की एड़ियों और कोहनियों पर बालों को इस्तेमाल करने में कोई कठिनाई न हो। विशेषज्ञों के अनुसार रेजर रेजर का उपयोग पानी, साबुन या शेविंग जेल में भी किया जाता है ताकि महिलाओं को आसानी से चिकना किया जा सके। हालांकि, यह आश्चर्यजनक नहीं है। महिलाएं अपने शरीर को सुंदर दिखाने के लिए कई तरह से रेजर का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। इसलिए आप रेजर को बिना पानी के भी आसानी से चला सकते हैं, इसके लिए रेजर के दो ब्लेड और किनारे के बीच साबुन की अधिकता होती है। पुरुष सप्ताह के लगभग हर दिन रेजर का उपयोग करते हैं। इसलिए चेहरे, दाढ़ी और मूंछों को काटने के लिए रेजर ब्लेड का तेज होना किसी महिला के रेजर से कम नहीं है।

ऋतिक रोशन ने विक्रम वेद्या के रीमेक के लिए कसी कमर

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर फिल्म विक्रम वेद्या का जल्द ही हिंदी में रीमेक बनने वाला है। फिल्म के रीमेक को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है और अलग-अलग तरह की खबरें भी सामने आ रही है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म के मेकर्स जल्द ही विक्रम वेद्या के रीमेक की शूटिंग भी शुरू करने की तैयारी में है। आपको बता दें कि फिल्म के लिए मेकर्स ने बॉलीवुड के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन के साथ हाथ मिलाया है। विक्रम वेद्या के रीमेक में अभिनेता ऋतिक रोशन एक दमदार किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। खबरों में यह कहा जा रहा है कि अभिनेता ऋतिक रोशन इसी साल

गर्मी में यानी कि जून के महीने में वो अपनी फिल्म विक्रम वेद्या के हिंदी रीमेक के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। सूत्रों के हवाले से आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि ऋतिक रोशन विक्रम वेद्या के रीमेक को जून के महीने में शूटिंग करेंगे। जिसमें ऋतिक एक गैंगस्टर का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। तो ऐसे में अभिनेता ऋतिक रोशन ने भी अपने इस रोल के लिए तैयारी अभी से शुरू कर ली है। अभिनेता मई के महीने में वो किरदार के मुताबिक फिजिकल ट्रांसफॉरमेशन करने वाले हैं। जिसके लिए उन्होंने कमर भी कस ली है। ऋतिक इन दिनों जमकर वर्कआउट और एक्सरसाइज कर रहे हैं। इन दिनों प्रो प्रोडक्शन का काम चल रहा है जिसके लिए मेकर्स ने शूटिंग लोकेशन कैरेक्टर जैसी तैयारियां शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन पुष्कर और गायत्री ही करने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा तारा सुतारिया और आदर जैन का क्यूट रोमांस



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री तारा सुतारिया आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसकी तैयारी में वो इन दिनों व्यस्त हैं। इसी बीच अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर भी शेयर करती रहती है। जिसमें उनका हॉट अंदाज देखने को मिलता है। अब हाल ही में अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने जो कैप्शन दिया है उस पर उनके बॉयफ्रेंड आदर जैन के कमेंट ने लोगों का ध्यान खींचा है। बता दें कि आदर जैन और तारा सुतारिया अक्सर एक-दूसरे के पोस्ट पर कमेंट करते हैं इस दौरान उनका क्यूट रोमांस दिखाई देता है। तारा सुतारिया ने एक तस्वीर शेयर की है जिसमे वो हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही है। उन्होंने अपनी इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि फीवर। इसी के साथ तारा सुतारिया ने दिल वाली इमोजी भी शेयर की है। तारा सुतारिया की तस्वीर पर उनके बॉयफ्रेंड आदर जैन ने कमेंट करते हुए लिखा कि, तुमने मुझे दिया। इसी के साथ उन्होंने भी दिल वाली शेयर की है। हालांकि तारा सुतारिया ने भी शानदार इमोजी शेयर करते हुए रिप्लाई किया है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि, सोशल मीडिया पर ये दोनों एक दूसरे का पोस्ट पर कमेंट करते रहते हैं। अगर हम बात करें आदर जैन की तो वो बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रणबीर कपूर और करीना कपूर के कजिन ब्रदर है।

एवलिन शर्मा ने मनोरंजन उद्योग में 10 साल पूरे होने पर ऐसे मनाया जश्न

अभिनेत्री एवलिन शर्मा ने इंस्टाग्राम पर मनोरंजन उद्योग में 10 साल पूरे करने का जश्न मनाया। अभिनेत्री ने अपनी सभी फिल्मों का एक वीडियो पोस्ट किया और अपने इस सफर को क्रेज राइड बताया। वह कहती हैं कि जब वह अधिक काम करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हैं, तो लोगों के दिलों को छूने के लिए फिल्में बनाने का विचार हमेशा से ही उनके पेशे का पसंदीदा हिस्सा रहा है। उन्होंने अपने फिल्मी सफर को याद करते हुए लिखा, मनोरंजन में 10 साल और फिर 15 फिल्में.. यह एक क्रेज राइड है और मुझे लगता है कि सिनेमा फिर से कभी भी उसी तरह का नहीं होगा। लेकिन मैं आने वाले समय के लिए उत्साहित हूं! क्योंकि फिल्में बनाने के बारे में मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि लोगों के दिलों को छूना, उन्हें हंसाना और साथ ही रुलाना। सपनों की दुनिया, जहां सब कुछ संभव है। एवलिन ने 2012 में फिल्म फॉम सिडनी विद लव से बॉलीवुड में शुरुआत की थी। वह नौटंकी साला, ये जवानी है दीवानी और यारियां जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। वह प्रभास स्टारर साहो का भी हिस्सा थीं, जिसने 2019 में आई थी। वह आगामी फिल्म एक्स रे- द इनर इमेज में दिखाई देंगी।

टी-बैग कि मदद से आप पा सकतें है इन 5 बिमारियों से निजात

चाय को भारत में सबसे ज्यादा प्रचलित पेय पदार्थ माना जाये तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। चाय है ही ऐसी चीज एक बार जिसको दीवाना बना दे, वह रात को नींद से उठकर भी चाय पी सकता हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं यह चाय कितने कमाल की चीज हैं जो कि रिफ्रेशमेंट के अलावा भी कई तरह से हमारे जीवन के लिए उपयोगी हैं। ऐसी कई शारीरिक समस्याएँ हैं जिनमे चाय का यह टी-बेग अपना कमाल दिखता है और अपनी चाप छोड़ जाता हैं। तो आइये हम बताते हैं आपको किस तरह से टी-बैग आपको राहत दिलाता हैं।

सूजन दूर करने में: टी-बैग्स का इस्तेमाल कर आप सूजन में भी राहत पा सकती हैं। अगर आपके शरीर के किसी भी अंग में सूजन है तो सबसे पहले टी-बैग्स को गुनगुने पानी में भिगोएं। इसके बाद उन्हें जिस जगह पर सूजन है वहां 20 से 30 मिनट तक रखें, जल्द ही आपको आराम मिलेगा।

मसूढ़ों से खून आने पर: अगर आपके मसूढ़ों से खून आ रहा हो तो टी-बैग्स आपके काम आ सकते हैं। इसके लिए आप मसूढ़ों पर ठंडा किया हुआ यूज्ड टी-बैग रखें। जल्द ही मसूढ़ों से खून आना बंद हो जाएगा। साथ ही सूजन में भी कमी आएगी।

खरोंच लगने पर: टी-बैग त्वचा पर लगे बाहरी खरोंचों और तमाम तरह के चोटो को जल्द ही ठीक करने में सक्षम है। टी-बैग्स में टैनिन होता है जो खरोंचों से निकलने वाले खून को रोकता है। साथ ही भीगे टी-बैग को खरोच या चोट पर लगाने से वे जल्द ठीक हो जाते हैं और दर्द में भी राम मिलता है।

मस्सों के लिए: टी-बैग्स में टैनिक एसिड मौजूद होते हैं, जो मस्सों को प्रभावी बनाने वाले बैक्टीरिया से लड़ता है। इससे मस्सों के सूखने की प्रक्रिया में तेजी आती है। इसके लिए मस्सों पर गर्म टी-बैग 10 मिनट के लिए रखें। यह बेहद ही असरकारी उपाय है। दिन में दो से तीन बार यह प्रक्रिया दुहराने से जल्द ही मस्से सूख जाएंगे।

जलने पर: सनबर्न या फिर किसी तरह की जलन होने पर टी-बैग का इस्तेमाल कर आप इसे जल्दी ठीक कर सकती हैं। इसके लिए टी-बैग्स को गर्म पानी से बाहर निकालकर ठंडा होने के लिए रख दें। फिर उन्हें जली हुई जगह पर रखें।

अभी भी शूटिंग के पहले दिन घबराता हूं : इमरान हाशमी

अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि इंडस्ट्री में कई साल बिता लेने के बावजूद वह किसी नई फिल्म की शुरुआत में काफी चिंतित रहते हैं। अभिनेता इमरान का कहना है कि उन्हें इस बात की फिक्र रहती है कि क्या वह अपने किरदार के साथ न्याय कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने बताया, हर फिल्म के साथ मेरी उम्मीद यही रहती है कि मैं अपने किरदार को अच्छे से निभाऊं। हर नए किरदार के साथ आपमें सीखने की भावना होनी चाहिए। ऐसा महसूस करना चाहिए जैसे कि आपको कुछ पता ही न हो। अभी भी शूटिंग के पहले दिन मैं घबरा जाता हूं, लेकिन धीरे-धीरे चीजें नॉर्मल हो जाती हैं। फिल्मों की बात करें, तो इमरान का आने वाला समय काफी व्यस्तताओं में से होकर गुजरेगा। वह हाल ही में फिल्म 'मुंबई सागा' में नजर आएंगे। उनकी अगली फिल्म 'चेहरे' रिलीज के लिए तैयार है। हालांकि कोरोना की दूसरी लहर के चलते इसे फिलहाल के लिए टालना पड़ा है।

सांसारिक उन्नति के बिना धर्म अधूरा है

ओमप्रकाश श्रीवास्तव

आईएएस अधिकारी और धर्म, दर्शन और साहित्य के अध्येता 'धर्म' है क्या यह हमेशा से विवाद का विषय रहा है। धर्म, संसार को समृद्धिशाली, नैतिक और सुखी बनाने के लिए था परंतु विडम्बना है कि उसका इस्तेमाल सदैव से चालाक लोगों के द्वारा अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए किया जाता रहा है। धर्म की मनमानी व्याख्याओं का परिणाम है कि इतिहास के अधिकतर झगड़े और युद्ध धर्म के कारण हुए हैं। धर्म शब्द कहते ही आम लोगों के जेहन में जो दृश्य पैदा होता है वह है यज्ञ, पूजा, नमाज, प्रार्थना या किसी धार्मिक ग्रंथ का पठन-पाठन। ऐसा लगता है कि धार्मिक क्रियां भविष्य के किसी अज्ञात लाभ के लिए हैं। धर्म को यहीं तक सीमित करके जहाँ एक ओर धार्मिक झगड़ों की नींव डाल दी वहीं दूसरी ओर समाज को वैज्ञानिक सोच और सांसारिक समृद्धि से वंचित कर दिया गया। भारतीय वाङ्मय में धर्म शब्द अत्यंत व्यापक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। जहाँ एक ओर आत्मिक कल्याण के साधनों को धर्म कहा है वहीं कर्तव्य और दायित्व के लिए भी धर्म शब्द का इस्तेमाल हुआ है जैसे कार्य के आधार पर राजधर्म, सेवकधर्म, जीवन की अवस्थाओं के आधार पर गृहस्थधर्म, संन्यासधर्म, वंश के आधार पर आर्यधर्म, राक्षसधर्म, रिश्तों के आधार पर पत्नीधर्म, पुत्रधर्म, परिस्थिति के आधार पर आपद्धर्म आदि। सामान्य नैतिक नियमों को भी धर्म कहा गया है जो सभी लोगों के लिए पालन योग्य हैं। श्रीमद्भागवत् (11.17.21) में अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, काम, क्रोध व लोभ से बचे रहना, सदैव ऐसा प्रयास करते रहना जिससे सभी प्रणियों का हित हो आदि ऐसे ही धर्म हैं। इसी प्रकार के नैतिक नियमों को मनु ने भी धर्म कहा है (मनुस्मृति 6/92)। भगवान् ने जिस वस्तु को जिस प्रयोजन के लिए रचा है उसकी पूर्ति करना ही उस वस्तु का धर्म है। जैसे अग्नि का धर्म ताप देना है, चंद्रमा का धर्म है शीतलता देना आदि। गीता में जब कृष्ण कहते हैं कि - स्वधर्मे निधनं श्रेयः -अर्थात् अपने धर्म में मृत्यु भी श्रेष्ठ है तब धर्म का अर्थ है व्यक्ति का स्वभाव जो उसे प्रकृति ने स्वमेव दिया है न कि हिंदू, मुस्लिम, ईसाई आदि। कहा जाता है कि आज की पीढ़ी भौतिकवादी है। इसे एक बुराई के रूप में लिया जाता है परंतु जरा सोचें भौतिकता के अभाव में सैकड़ों वर्षों से दरिद्रता, भेदभाव, अशिक्षा और अंधविश्वास में जी रही पीढ़ियाँ कौन सी आध्यात्मिक हो गई थीं युवाओं को अच्छी शिक्षा देना, कौशल प्रदान करना, उन्हें उत्साही और कर्मयोगी बनाना, उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना ताकि वे ऐश्वर्यपूर्ण और समृद्धिशाली जीवन जी सकें, भी धर्म का ही भाग है। धर्म की कोई सर्वमान्य परिभाषा ज्ञात करना बहुत कठिन है क्योंकि विभिन्न मतों या विचारों को माननेवाले अपने-अपने सिद्धांतों के अनुसार विभिन्न कार्यों को धर्म कहते हैं। नास्तिक दर्शन, जैसे चार्वाक-दर्शन, आत्मा-परमात्मा को नहीं मानता। उसके लिए प्रत्यक्ष दिखनेवाला संसार ही सत्य है। इसलिए जिस कर्म से संसार में उन्नति हो उनके लिए वही धर्म है। बुद्ध दर्शन के अनुसार अहिंसा और निर्वाण प्राप्ति के उपाय धर्म हैं। सांख्यदर्शन के प्रणेता कपिल ने कहा है कि जिस कर्म से अन्तःकरण में वैराग्य, शान्ति और विवेक का उदय हो वही धर्म है। योगदर्शन के प्रणेता पातञ्जलि कहते हैं कि वह कर्म जो मनुष्य की वृत्ति को समाधि के उपयुक्त बनाकर आत्मस्वरूप में स्थित कराते हैं वही धर्म हैं।

स्मृति शेष - क्रिकेट जगत के लिए अपूरणीय क्षति है शेन वॉर्न का निधन

योगेश कुमार गोयल

अपनी गेंदबाजी से दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों को भी चकमा देने में माहिर रहे सर्वकालिक महान् स्पिन गेंदबाज शेन वॉर्न के आकस्मिक निधन की खबर से समूचा क्रिकेट जगत स्तब्ध है। थाइलैंड के कोह सामुई में वक्त बिता रहे 'फिरकी के जादूगर' महान् लेग स्पिनर शेन वॉर्न का निधन 52 वर्ष की उम्र में 4 मार्च 2022 को दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ। 4 मार्च की सुबह ही ऑस्ट्रेलिया के महान् विकेटकीपर रॉड मार्श का भी निधन हो गया और इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए एक ही दिन में दो दिग्गजों को खोना बड़ा सदमा है। स्पिन गेंदबाजी में क्रांति लाने वाले और अपनी स्पिन गेंदबाजी से दुनियाभर में क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीतने वाले वॉर्न ने अपने निधन से कुछ घंटे पहले ही रॉड मार्श के निधन पर शोक जताते हुए लिखा था कि वह हमारे शानदार खेल के लीजैंड और कई युवा खिलाड़ियों के प्रेरणास्रोत थे। 13 सितम्बर 1969 को विक्टोरिया में जन्मे वॉर्न ने अपने कैरियर में स्पिन गेंदबाजी से कई कमाल के कारनामे किए। वॉर्न दुनिया के ऐसे इकलौते गेंदबाज थे, जिन्होंने ऐसी-ऐसी गेंदों का आविष्कार किया, जिन्हें सिर्फ वे ही डाल सकते थे। फ्लिपर उनकी सबसे घातक गेंद थी। लेगब्रेक होती गेंद के बीच जब वे विकेट पर तेज गति से फ्लिपर फैंकते थे तो बल्लेबाज प्रायः एलबीडब्ल्यू या बोल्ड हो जाता था। उनकी लेगब्रेक, फ्लिपर टॉप स्पिनर तथा गुगली को दुनियाभर के बल्लेबाज समझने में विफल रहते थे। वॉर्न ने 1993 से 2005 तक कुल 194 वनडे अंतर्राष्ट्रीय और 1992 से 2007 तक 145 टेस्ट मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 25.41 की गेंदबाजी औसत से 708 तथा वनडे फॉर्मेट में 293 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में 708 विकेट के साथ वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में 800 विकेट लेने वाले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के बाद दूसरे नंबर पर रहे। वॉर्न टेस्ट तथा वनडे मैचों को मिलाकर 1000 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले भी मुरलीधरन के बाद दुनिया के दूसरे गेंदबाज बने थे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया तथा श्रीलंका क्रिकेट ने 2007 में क्रिकेट के दोनों दिग्गजों के सम्मान में दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज का नाम 'वॉर्न मुरलीधरन ट्रॉफी' रखा था। टेस्ट में वॉर्न ने कुल 12 अर्धशतक लगाए और इस फॉर्मेट में बिना एक भी शतक लगाए सबसे ज्यादा कुल 3154 टेस्ट रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 रनों का है। वनडे में उन्होंने 1 अर्धशतक के साथ कुल 1018 रन बनाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 1319 विकेट दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में भारत के खिलाफ शेन वॉर्न ने 1992 में सिडनी टेस्ट से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, जिसमें उन्होंने पहला विकेट रवि शास्त्री का लिया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स को पहले ही सत्र में कप्तान और कोच के रूप में खिताब दिलाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद शेन वॉर्न बिग बैश लीग और आईपीएल से जुड़ गए थे और वे आईपीएल में पहली खिताब जीतने वाली टीम के कप्तान थे। 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में उनकी कप्तानी में ही राजस्थान रॉयल्स ने खिताब जीता था। बाद में वह राजस्थान रॉयल्स टीम के कोच बने और कुछ समय तक क्रिकेट में कमेंट्री भी की। बेहतरीन कमेंटेटर के रूप में भी उन्हें सफलता मिली। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में उन्होंने अपना आखिरी मैच वॉरियर्स की कप्तानी करते हुए 2015 में अमेरिका में भारत के महान् बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एसआरटी ब्लास्टर्स की टीम के खिलाफ खेला था।

शेन वॉर्न के बारे में कहा जाता है कि गेंदबाजी की कला लेग ब्रेक को उन्होंने ही पुनर्जीवित किया था। बहरहाल, शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि उनकी 'बॉल ऑफ सेंचुरी' का उल्लेख किए बिना अधूरी ही रहेगी। दरअसल 24 वर्ष की आयु में 1993 में ओल्ड ट्रैफर्ड में वॉर्न ने इंग्लैंड के माइक गैटिंग को जिस गेंद पर आउट किया था, उसे ही 'बॉल ऑफ सेंचुरी' कहा जाता है। उस लेग ब्रेक पर न सिर्फ गैटिंग बल्कि

स्वयं शेन वॉर्न भी आश्चर्यचकित रह गए थे। कई वर्षों बाद वॉर्न ने कहा भी था कि एक लेग स्पिनर के तौर पर आप हमेशा एक बेहतर लेग ब्रेक गेंद डालने के बारे में सोचते हैं और उन्होंने भी उसी तरह की गेंद डालने की कोशिश की थी लेकिन वह बॉल एक अचरज थी और उन्होंने भी कभी इसकी कल्पना तक नहीं की थी, न ही वह इसे दोहरा सकते हैं। दरअसल उन्होंने 1993 की एशेज सीरीज के दौरान 4 जून 1993 को ऐसी बॉल फैंकी थी, जिसने 90 डिग्री पर टर्न लेते हुए बल्लेबाज माइक गैटिंग को चारों खाने चित्त कर दिया था। हालांकि वॉर्न की गेंद लेग स्टंप के काफी बाहर पिच हुई थी और लग रहा था कि गेंद वाइड हो सकती है, इसीलिए गैटिंग ने उसे खेलने का प्रयास नहीं किया लेकिन गैटिंग को चकमा देते हुए जबरदस्त तेजी से घूमी गेंद उनके ऑफ स्टंप पर जा लगी, जिसे देखकर हर कोई हतप्रभ रह गया था। गेंद करीब 90 डिग्री के कोण से घूमी थी और 'बॉल ऑफ सेंचुरी' अर्थात् 'शताब्दी की सर्वश्रेष्ठ गेंद' कही गई उस गेंद ने वॉर्न की जिंदगी बदल दी थी। शेर्न वॉर्न न केवल मैदान के भीतर बल्कि बाहर भी बहुत लोकप्रिय थे और भारत में वह काफी लोकप्रिय रहे। उनकी गेंदबाजी को स्पिन का शास्त्रीय संगीत भी कहा जाता था। हालांकि अपने मिजाज के कारण मैदान के बाहर उनका विवादों से भी नाता रहा। उनके कई अफेयर्स रहे, ब्रेकअप हुए और पत्नी से तलाक भी हुआ। उन पर कई बार सट्टेबाजी के आरोप लगे और वह प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन करने के भी दोषी पाए गए थे, जिसके चलते उन पर प्रतिबंध भी लगा था। दक्षिण अफ्रीका में 2003 विश्व कप से पहले वह प्रतिबंधित डायूरेटिक के सेवन के दोषी पाए गए थे। शेन वॉर्न तथा मार्क वॉ को 1998 में एक स्टोरिये को पिच तथा मौसम के हालात की जानकारी देने के एवज में पैसा लेने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को जुर्माना भी देना पड़ा था। क्रिकेट में कोचिंग के खिलाफ रहे वॉर्न का मानना था कि क्रिकेट में मैनेजर होने चाहिएं। शेन वॉर्न के नाम 10 बार एक मैच में 10 विकेट और 38 बार एक पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। वह दुनिया के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में तीन हजार से भी ज्यादा रन बनाए, लेकिन कभी शतक नहीं जड़ा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले लेग स्पिनर शेन वॉर्न पहले ऐसे क्रिकेटर थे, जिन्होंने सबसे पहले 600 और 700 टेस्ट विकेट लिए थे। एक वर्ष में सर्वाधिक 96 विकेट लेने का रिकॉर्ड भी वॉर्न के नाम दर्ज है, इसके अलावा वनडे में लगातार तीन पारियों में चार विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। 15 वर्षों तक क्रिकेट के मैदान पर राज करने वाले शेन वॉर्न का 1999 के क्रिकेट विश्वकप की विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान था। विश्व कप फाइनल में उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अपना आखिरी टेस्ट वॉर्न ने जनवरी 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिडनी में खेला था। 1993 से 2003 तक वह पांच बार एशेज सीरीज जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे और एशेज सीरीज में उन्होंने सर्वाधिक कुल 195 विकेट चटकाए। 'क्रिकेट की बाइबल' कही जाने वाली पत्रिका 'विज्डन' द्वारा उन्हें 1992 से 2007 के बीच उनकी अतुलनीय उपलब्धियों के लिए 20वीं सदी के पांच क्रिकेटर्स में चुना गया था तथा 2013 में उन्हें आईसीसी हॉल ऑफ फेम में भी शामिल किया गया था। बहरहाल, शेन वॉर्न का निधन क्रिकेट जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

इच्छा का लक्ष्य है खुशी

बुरी आदत को छोड़ने की असमर्थता तुम्हें तकलीफ देती है। जब तुम बहुत पीड़ित होते हो, वह व्यथा तुम्हें उस आदत से छुटकारा दिलाती है। जब तुम अपनी कमियों से व्यथा महसूस करते हो, तब तुम साधक हो। पीड़ा तुम्हें आसक्ति से दूर करती है। यदि अपने दुर्गुणों को हटा नहीं सकते, तो उन्हें विस्तृत कर दो। चिन्ता, अभिमान, प्रोध, कामना, दुख सबको एक और बड़ा आयाम दे दो, एक दूसरी दिशा। छोटे-छोटे विषयों पर नाराज होने का क्या तुक है? नाराज होना है तो अनन्तता के प्रति, ब्रह्म के प्रति हो। यदि तुम अपने अहंकार को नहीं खत्म कर सकते तो अहंकार करो कि ईश्वर तुम्हारे हैं। यदि आसक्ति तुम पर छाई है, तो सत्य के प्रति आसक्त हो जाओ। यदि ईर्श्या तुम्हें सताती है, तो सेवा के लिए ईर्श्या करो। द्वेष के प्रति द्वेष रखो; गुरु से राग करो। दिव्यता के प्रति मदहोश हो जाओ। इन्द्रिय सुखों की इच्छाएं विद्युत की तरह हैं; जैसे-जैसे वे विषय विस्तुओं की ओर बढ़ती है, निष्प्रभावी हो जाती हैं। अपनी कुशलता से यदि तुम इच्छाओं को अपने भीतर मोड़ सको- अपने अस्तित्व के केन्द्र की ओर- तो तुम्हें मिलेगा एक और आयाम- चिरन्तन सुख, रोमांच, परमानन्द और शात प्रेम। वासना, लोभ और ईर्ष्या इसलिए शक्तिशाली हैं क्योंकि ये केवल ऊर्जा हैं और तुम ही इनके स्रेत हो- वह विशुद्ध ऊर्जा। निष्ठा और भक्ति तुम्हारी ऊर्जा को शुद्ध बनाए रखती हैं, तुम्हें उन्नत करती हैं। जब तुम यह समझ लेते हो कि तुम स्वयं ही सुख की विद्युत धारा हो, तुम्हारी लालसाएं घटने लगती हैं और प्रशांति आती है। मृत्यु निश्चित है - यह याद रखने से तुम वर्तमान क्षण में सजीव रहते हो, राग और द्वेष से मुक्त। इच्छा खुशी को खत्म करती है, लेकिन सभी इच्छाओं का लक्ष्य है खुशी।

भाजपा अविजित तो आप नए विकल्प की राह पर!

ऋतुपर्ण दवे

भारत के राजनीतिक भविष्य के लिए बेहद अहम से माने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव उसमें भी खासकर उत्तर प्रदेश ने न केवल यह जतला दिया है कि 2024 में दिल्ली की गद्दी का रास्ता फिर वहीं से निकलेगा बल्कि 37 वर्षों का मिथक भी तोड़ दिया कि एक ही दल दोबारा सत्ता में नहीं आता। अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद भाजपा और योगी का उत्तर प्रदेश में दोबारा प्रचण्ड बहुमत लौटना बताता है कि मिथक बस मिथक ही होते हैं जो जनादेश के आगे टूट जाते हैं। नारायण दत्त तिवारी के बाद योगी आदित्यनाथ ही अकेले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने कार्यकाल पूरा कर शानदार वापिसी की है। बेशक यह चुनाव 2024 के आम चुनाव के लिए वो ट्रेलर साबित होंगे जिसने पूरी दिखनी वाली फिल्म की कहानी खोल दी है।

अब जैसा कि तय दिख रहा है योगी आदित्यनाथ ही लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे जो 37 वर्षों के बाद होगा तथा राज्य के पांचवें मुख्यमंत्री होंगे जो दूसरे कार्यकाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले सिर्फ चार मुख्यमंत्री 1957 में संपूर्णानंद, 1962 में चंद्रभानु गुप्ता, 1974 में हेमवती नंदन बहुगुणा और 1985 में नारायण दत्त तिवारी ही चुनाव के बाद सत्ता में वापसी कर पाए थे। इसी तरह उत्तराखण्ड में दोबारा सत्ता में न आने का मिथक टूट चुका है। भाजपा की सत्ता में शानदार वापसी बता रही है कि मतदाताओं ने पूरा भरोसा किया है और यहाँ 3-3 मुख्यमंत्री बदलने के बाद भी वापसी ने मतदाताओं की परिपक्वता और विश्वास का जनादेश ही दिखाया है। शायद कॉंग्रेस यहाँ भी अपनी अन्दरूनी कलह की वजह से पिछड़ती चली गई।

बाँकी 3 राज्यों के नतीजों में पंजाब ने वो इतिहास रचा जो देश की भावी राजनीति का नया विकल्प होने के लिए तेजी से फैलता बरगद साबित हो सकता है। बेशक आम आदमी पार्टी की हैसियत अब क्षेत्रीय दल से बाहर आ रही है जिसको लेकर सभी मानते हैं कि वही कॉंग्रेस की जगह लेती दिखेगी। बिना लाग लपेट कहें तो 10 सालों में जिस तेजी से आम आदमी पार्टी ने अपना जनाधार तैयार किया है उससे भाजपा के शुरुआती दिनों की याद ताजा हो रही है। गोवा और मणिपुर में भाजपा की प्रभावी बढ़त बताती है कि भाजपा अभी भी अविजित है। अब कॉंग्रेस कहाँ होगी? कह पाना मुश्किल है 2024 के आम चुनाव से पहले 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इसी साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश तो 2023 में 8 राज्यों के चुनाव होने हैं। इनमें मार्च में पूर्वोत्तर के तीन राज्य मेघालय, नगालैंड और त्रिपुरा तो मई में कर्नाटक और दिसंबर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों के चुनाव होंगे। जाहिर है 2024 के आम चुनावों की तैयारियों तक 10 राज्यों के चुनावों की झड़ी सामने दिख रही है जिसके लिए भाजपा अड़ी दिख रही है।

यकीनन 2024 का इसे शंखनाद कह सकते हैं। विरोधी दलों को एक बार फिर से सोचने को मजबूर करने वाले 5 राज्यों के नतीजों से एक बात तो तय है कि देश की राजनीतिक छवि काफी बदलने वाली है। भाजपा को अव्वल मानने से किसी को भी गुरेज नहीं है लेकिन जिस तरीके से आप पार्टी ने जहाँ जीतती तो वह किसी सुनामी से कम नहीं होती लाकर आने वाले दिनों में खुद को देश के तमाम राज्यों में विकल्प और मजबूत विपक्ष बनने की ओर अग्रसर कर लिया है। उप्र में दलित कार्ड पर राजनीति का बदलता रंग एक बड़ा संकेत जरूर है। हासिए पर आई बसपा और कॉंग्रेस में इसकी अगर सबसे ज्यादा कीमत किसी भी दल को चुकानी पड़ेगी तो वह है कॉंग्रेस। बेशक अगले पौने दो बरस में 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें बसपा कहीं भी लड़ाके की मुद्रा में नहीं है। हाँ, कॉंग्रेस जरूर है जो अंर्तकलह और रणनीतियों में उलझी होगी। कॉंग्रेस के लिए यह नतीजे बड़े कुठाराघात से कम नहीं है। कॉंग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ को छोड़कर उम्मीद की किरण कहीं दिखती नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी की पैनी नजर हिमाचल प्रदेश और गुजरात में है। पंजाब में आप की सुनामी से उत्साहित इस पार्टी के हौसले निश्चित रूप से बुलंदियों पर हैं और इसे लेकर जनधारणा, अगले विधानसभा चुनावों में नतीजों में कितनी तब्दील होगी या नहीं इसके लिए तो इंतजार ही करना होगा।

चुनाव के सबक

सिद्धार्थ शंकर

भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत के साथ सत्ता दोबारा हासिल कर ली है लेकिन इस जीत ने पार्टी को कई सबक भी दिए हैं। सबक पश्चिमी यूपी में जाटलैंड में हुए घाटे की भरपाई करने का है तो लोकसभा में हासिल 50 फीसदी मत प्रतिशत को फिर 2024 में हासिल करने की चुनौती भी है। वहीं सपा के लिए बढ़त बनाने के बावजूद अभी भी सत्ता तक पहुंचने का जादुई आंकड़ा पाने की चुनौती बनी हुई है। उसे चिंतन करना होगा कि कैसे वह इस बढ़त या यूं कहें भाजपा से छिटके ओबीसी को पाले में बरकरार रख सके जिसके कारण वह भाजपा को चुनाव प्रचार के दौरान काफी हद तक परेशान करने में कामयाब रही है। निन्संदेह भारतीय जनता पार्टी का मत प्रतिशत लगभग 42 फीसदी के पास रहा है। यह पिछले विधानसभा चुनाव में मिले 39.67 फीसदी से करीब दो फीसदी ज्यादा है लेकिन भाजपा को मत प्रतिशत को लोकसभा चुनाव 2019 के स्तर करीब 50 फीसदी तक पहुंचाने की चुनौती अभी भी बरकरार है। उसे सरकार की कार्यशैली से नाराजगी के चलते सपा के पाले में शिफ्ट 3-4 फीसदी वोटों पर भी चिंतन करना होगा। कहना गलत न होगा कि समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2017 में कुल 311 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इन पर उसको 28.30 फीसदी वोट हासिल हुए थे, जो इस बार करीब 3 से 4 फीसदी बढ़कर

32 फीसदी से ज्यादा हुआ है। ऐसे करीब 11 फीसदी मतदाता सामने आए हैं जो पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट देते हैं। शायद यही वजह थी कि लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा का मत प्रतिशत 51 के आसपास रहा था। इन चुनावों में भी मोदी-योगी के नाम पर वोट मिले हैं। पार्टी को देखना होगा कि उसके विधायकों-सांसदों के कार्यों के चलते सत्ता विरोधी रुझान न हो। यह चिंता का सबब है कि पार्टी को लोकसभा चुनावों में मिला 50 फीसदी का मत प्रतिशत विधानसभा चुनाव में क्यों नहीं मिल सका। समाजवादी पार्टी ने 110 के करीब सीटें हासिल करने के साथ ही मत प्रतिशत सुधारा है। समाजवादी पार्टी के लिए उसकी इस बढ़त में सबक यह है कि उधार की हांडी में पकवान नहीं पकाए जा सकते। पार्टी वर्ष 2012 जैसा जातीय और सामाजिक समीकरण बनाने में नाकाम रही। याद रहे कि वर्ष 2012 के चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी जैसे बाहुबलियों को टिकट देने से इनकार कर एक अलग छवि बनाई थी। संदेश गया था कि सपा बदल रही है। समाजवादी पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने में मुख्य रूप से युवाओं को नौकरी, महंगाई और छुट्टा जानवर की समस्या प्रमुख कारण रहे लेकिन सपा को समझाना होगा कि बद से बदनाम बुरा। उसे समाज में पार्टी की ऐसी छवि बनानी होगी, जिसे उसको सबका साथ मिल सके। समाजवादी पार्टी ने जिन स्वामी प्रसाद मौर्य और ओम प्रकाश राजभर को पार्टी में लेकर ओबीसी वोट बैंक को साधने की कोशिश की थी वह भी बहुत कामयाब होती नहीं दिखी। पूर्वांचल में न तो ओबीसी कार्ड चला और न ही लखीमपुर खीरी में किसान आंदोलन का मुद्दा। लखीमपुर की निघासन सीट इसका ज्वलंत उदाहरण है। तिकुनियां इसी सीट में पड़ता है जहां किसानों को कुचलने का कांड हुआ था। वहां सपा ने बसपा से आए रामआसरे कुशवाहा को इस आधार पर टिकट दिया कि उन्हें सजातीय बिरादरी के वोट मिल सकेंगे। सपा ने इसे सुनिश्चित करने के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य की कई बैठकें करवाईं। संजय चौहान भी वहां गए लेकिन सपा को ओबीसी वोट हासिल नहीं हो सका। कुछ ऐसी ही स्थिति स्वामी प्रसाद मौर्य की सीट फाजिल नगर पर रही। पार्टी के लिए ओबीसी का बड़ा कार्ड माने जा रहे स्वामी प्रसाद मौर्य खुद हार गए।

सूडोकु नवताल- 6010

✶✡✡✡✡ सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6009 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

वश्व नदी दिवस का महत्व

अरविन्द प्रेमचंद जैन

नदियां हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। नदियां जीवन दायिनी हैं। प्राकृतिक रुप से बहुत सारे जीव-जन्तु और प्राणी जल के लिए नदियों पर ही निर्भर हैं, लेकिन पर्यावरण में फैलता हुआ प्रदूषण नदियों के लिए अभिषाप बन गया है। सबको जीवन देने वाली नदियों का अस्तित्व खुद खतरें में हैं। कुछ नदियां अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी हैं तो कुछ लुप्त होने की कगार पर हैं। ऐसे में नदियों का सरंक्षण करना अति आवश्यक हो गया है। भारत समेत विश्व के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 2005 में नदियों की रक्षा के संकल्प को लेकर की गई थी। भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। हमारे देश सहित अमेरिका, पोलैंड, दक्षिण अफ्रिका, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, बांग्लादेश कनाडा और ब्रिटेन आदि देशों में विश्व नदी दिवस पर नदियों की रक्षा के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

विश्व नदी दिवस का महत्व

बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है जिसके कारण कई नदियां सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश लाखों लोग और कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन नदियों के बचाव के लिए अपना योगदान करते हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से बचांएंगे। यहा दिन लोगों में नदियों के महत्व उसकी स्वच्छता के प्रति जागरुकता भी लाता है। विश्व नदी दिवस पर सभी देश एक जुट होकर नदियों के सरंक्षण के विषय पर बात करते हैं। इस दिन को एक पर्व की तरह भी मनाया जाता है। दुनिया भर के कम से कम 60 देशों में विश्व नदी दिवस पर आयोजन किएजाते हैं जिसमें लोग नदियों की सफाई के साथ नदियों में घूमने का लुफ्त भी उठाते हैं।

आचार्य आनंद क्लब के अपराजिता नारी सम्मान समारोह आयोजित

मालकिन के साथ मंच पर एक साथ झूमकर नाची घरों में काम करने वाली महिलाएं

मुरैना। मित्तल धर्मशाला में आचार्य आनंद क्लब द्वारा आयोजित अपराजिता नारी सम्मान समारोह में घरों में कामकाज करने वाली महिलाओं के लिए यादगार साबित हुआ। समारोह में अपनी-अपनी मालकिन और दीदी के साथ घरों में काम करने वाली महिलाएं साथ चलकर मंच तक पहुंची और समानांतर खड़े होकर जब सम्मान ग्रहण किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इन महिलाओं की खुशी सामूहिक नृत्य और गीतों के माध्यम से सबके सामने आई।

उल्लेखनीय है कि आचार्य आनंद क्लब द्वारा महिला सशक्तिकरण और जागरूकता एवं सम्मान सप्ताह का समापन आज मुरैना में मित्तल धर्मशाला में हुआ। इस अनूठे कार्यक्रम में मुरैना की समाज सेवी संस्थाओं जेसीआई जागृति, लायंस क्लब मयूरवन, आनंद क्लब संजीवनी, पुष्पा मां फिजियो वर्ल्ड, जैन मिलन आदि संस्थाओं का सहयोग रहा। समारोह का शुभारंभ सभी पुरुष आनंदक साथियों द्वारा उपस्थित महिलाओं पर पुष्प वर्षा के साथ हुआ। पुष्प वर्षा होते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि मुरैना डीएसपी प्रियंका मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक डॉ सुधीर आचार्य, जेसीआई जागृति के फाउंडर प्रेसिडेंट भावना जैन, लायंस क्लब सपना बंसल, डॉ मीरा बांदिल, इंजीनियर नीता बांदिल, जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन, मयूरवन आनंद क्लब की अध्यक्ष डॉ क्षमा कौशिक, प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा, समाजसेवी हेमा अग्रवाल, सुजाता तोमर, नीतू भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। सम्मान समारोह का शुभारंभ रिंकू वर्मा के शास्त्रीय नृत्य से हुआ। कार्यक्रम के स्वरूप और आचार्य आनंद क्लब के महिला सप्ताह का संक्षिप्त प्रतिवेदन डॉ सुधीर आचार्य ने रखा। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डीएसपी प्रियंका मिश्रा ने कहा कि आचार्य आनंद क्लब के इस अनूठे और प्रेरक कार्यक्रम ने आज घरों में काम करने वाली उन महिलाओं को सम्मानित किया है जिनके कारण बड़े परिवारों की महिलाएं और हम जैसे अधिकारी बाहर निकल कर काम कर पा रही हैं। हम सभी महिलाएं जो समाज में निकलकर काम कर रहे हैं व नौकरी कर रहे हैं, इन सब के पीछे घरों को बाई के रूप में संभालने वाली इन महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनके योगदान को कोई नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि आचार्य आनंद क्लब और सहयोगी संस्थाओं में यह बेमिसाल काम किया है। इसके लिए संयोजक सुधीर आचार्य की सकारात्मक सोच का सम्मान करना चाहिए। डीएसपी प्रियंका मिश्रा ने आगे कहा कि यह महिलाएं अपने आपको किसी तरह से अशक्त और कमजोर न समझें। इनको आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक तौर पर सशक्त बनाने की जिम्मेदारी इन समाजसेवी संस्थाओं और परिवारों की मुखिया महिलाओं की है। आयोजन के दौरान स्वागत भाषण नीता बांदिल ने दिया। इस अवसर पर समाजसेवी भावना जैन ने कहा कि यह एक ऐसा सम्मान कार्यक्रम रहा जिसमें हम उन्हें सम्मान देकर स्वयं सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन में आचार्य टीम के साथ मिलकर और काम करना चाहेंगे। भावना जैन में महिलाओं के सम्मान में काव्यपाठ भी किया।

झूम कर नाची महिलाएं: कार्यक्रम के समापन सत्र में घरों में कामकाज करने वाली सभी महिलाएं खुशी से नाचने लगीं और उनकी सहयोगी बहनों ने ढोलक बाजे की थाप पर जमकर गीत गाए।

इनका रहा महत्वपूर्ण सहयोग: इस अनुपम आयोजन में आचार्य आनंद टीम के जिला संपर्क व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा, क्रीड़ा भारतीय के प्रांतीय पदाधिकारी अरविंद मावई, कृष्णवीर सिंह तोमर, दामोदर शर्मा, श्याम सिकरवार, दुष्यंत कुमार, विश्वनाथ गुर्जर,दीपक भोला, मणीन्द्र कौशिक,ओ पी गुप्ता, सरिता उपाध्याय, सीमा, शिल्पी आदि का विशेष सहयोग रहा।

कुएं में गिरे कुत्ते को पुलिसकर्मियों ने रेस्क्यू कर निकाला

मुरैना। रविवार को 5वी बटालियन में स्थित कुएं में कुत्ते के गिरने की सूचना पाकर 5 बटालियन के पुलिसकर्मियों ने कड़ी मेहनत कर 1 घंटे के प्रयास के पश्चात रेस्क्यू पर कुत्ते को सकुशल बाहर निकाल लिया। रविवार की सुबह 5वी बटालियन से कुएं में कुत्ता गिरने की सूचना एसडीईआरएफ टीम के प्लाटून कमांडर सौरभ त्रिपाठी को मिली तो उन्होंने मैने आपदा सामग्री सहित जवानों को वाहन के साथ मौके पर भेजा। कुएं में कुत्ते के गिरने के चलते वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई तथा घटना की सूचना स्थानीय पार्षद को भी दी गई। 5वी बटालियन एवं अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के पश्चात कुत्ते को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाल दिया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक हरिशंकर सिंह तोमर, गजराज सिंह तोमर, अजय सिंह भदोरिया, महेंद्र सिंह, नरेंद्र शर्मा, अर्जुन सिंह तोमर आदि का सराहनीय योगदान रहा। इसके अलावा एसडीईआरएफ की टीम को 500 रुपए का पुरस्कार दिया गया।

एकादशी तिथि सभी तिथियों की परमेश्वरी है: कान्हाजी

मुरैना। ग्राम भोंडेरी डांडे वाले हनुमान जी मंदिर प्रांगण पर इन दिनों श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा हैं कथा का वाचन चंबल धरा के गौरव श्रीमद वल्लभाचार्य षष्ठम पीठ मथुरा के कृपापात्र शिष्य पं कान्हाजी महाराज सुसानी वाले कर रहे हैं। कथा के पांचवे दिवस कान्हाजी ने एकादशी व्रत की महिमा को सविस्तार सुनाया गया। उन्होंने बताया कि एकादशी तिथि सभी तिथियों की परमेश्वरी है। एकादशी का व्रत करने वाला मातृ कुल की दस, पितृकुल की दस तथा पत्नी के कुल की दस पीढियों का उद्धार कर देता है। शुक्लपक्ष व कृष्णपक्ष की एकादशी दोनो ही समान हैं जो मनुष्य दस हजार वर्ष तक घोर तपस्या करता है उसके समान जो फल है वह एकादशी व्रत से प्राप्त हो जाता है। एकादशी की समानता करने वाली कोई तिथि नहीं है। एकादशी तिथि की बहुत बडी महिमा है। 88 हजार ब्राह्मणो को भोजन कराने का जो फल है वह एकादशी का व्रत करने से प्राप्त हो जाता है। एकादशी का व्रत अत्यधिक पुण्य प्रदान करने वाला व्रत है। एकादशी स्वयं भगवान श्री कृष्ण के द्वारा मार्गशिर्ष अहगन के महीने में प्रकट की गई।

मोतियाबिंद से मुक्ति के लिए प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को लगेगा नेत्र शिविर: जिनेश जैन

अंबाह। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष समाजसेवी स्वर्गीय कपूर चंद जैन की स्मृति में रविवार को उनके पुत्र नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन के व्दारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्रीटेकचंद जैन स्कूल में आयोजित इस शिविर में लगभग 400 लोगों की नेत्र जांच की गई। इस दौरान 111 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। उक्त मरीजों को ग्वालियर के रतन ज्योति नेत्रालय में ऑपरेशन के लिए रवाना भी किया गया। आयोजन के दौरान संपूर्ण व्यवस्था जिनेश जैन, महेंद्र जैन एवं अंशुल जैन द्वारा देखी गई। यह आयोजन सुबह 8 बजे प्रारंभ हुआ और दोपहर 2 बजे तक चला। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को आंखों के बचाव हेतु बहुमूल्य सुझाव भी दिए। आयोजन के दौरान बोलते हुए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने जैन ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय कपूर चंद जैन समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे, वे अक्सर वह कहा करते थे कि जरूरतमंदों की सेवा से बड़कर कोई धर्म नहीं है, मानव सेवा ही प्रभु सेवा है। उनके इन्हीं प्रेरणादाई वाक्यों को दृष्टिगत रखते हुए हमने इलाके से मोतियाबिंद से मुक्ति हेतु प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को श्री टेकचंद जैन विद्यापीठ में नेत्र शिविर का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित किया हैं। जिसके क्रम में यह चौथा शिविर हैं। श्री जैन ने कहा कि मंहगे उपचार की वजह से अनेक जरूरतमंद व बुजुर्ग लोग अपनी आंखों का इलाज नहीं करा पाते हैं किंतु इस प्रकार के निःशुल्क नेत्र शिविर लोगों को राहत पहुंचाते हैं उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प इलाके को मोतियाबिंद मुक्त इलाका बनाना है। इसके लिए हम लगातार इन शिविरों का आयोजन करते रहेंगे। उक्त शिविर में जिनेश जैन द्वारा मरीजों के आने जाने, दवाइयां, भोजन एवं चश्मा की निःशुल्क व्यवस्था की गई। शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा 6 घण्टे मरीजों की जांच की गई, जिसमें 111 मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित हुए, 102 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया।

राठौर समाज ने केन्द्रीय मंत्री को दिया 7 सूत्रीय मांग पत्र

मुरैना। रविवार को नरेन्द्र सिंह तोमर केन्द्रीय कृषी मंत्री भारत सरकार को मुरैना रेस्ट हाउस पर राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति के जिला अध्यक्ष रामजीलाल राठौर के नेतृत्व में राठौर समाज के सेकडों लोगों ने राठौर समाज की 07 सूत्रीय मांगो को लेकर मांग पत्र सौंपा। राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति ने केन्द्रीय कृषि मंत्री से 07 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए उचित कार्यवाही करने की मांग की है। राठौर समाज ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि किसान जगन्नाथ राठौर की मोजा भोडेरी में जमीन पर पक्की कॉलोनी वनाकर कब्जा कर लिया गया है व स्थानीय प्रशासन द्वारा बटांकन एवं सीमांकन व जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा रहा है, जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए उचित कार्यवाही करने की जावे। मायाराम राठौर हुराई भुमियां मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं की व्वस्था कराने की जावे एवं भुमियां मंदिर को धर्मस्व बिभाग में दर्ज कराने के लिए अनुशंसा करने की जाए। क्वारी नदी के एवी रोड़ देवरी घाट, नैपरी घाट व दिमनी घाट से अतिक्रमण हटवाकर सौंदर्यी करण किया जावे। नगर निगम मुरैना के वार्ड क्र 14 माधौपुरा पुलिया चौराहे पर वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौर की प्रतिमा लगवाई जावे। इसके अलावा शुक्ला होटल से लेकर वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौर पार्क तक के मार्ग का नामकरण वीर दुर्गादास राठौर के नाम से किया जावे। नगर निगम के वार्ड क्र19 में वीर शिरोमणी दुर्गादास पार्क के पास कड़ी की भैसों के अड्डो को हटवाया जावे। नगर निगम मुरैना के वार्ड क्र19 में वीर शिरोमणी दुर्गादास राठौर पार्क के सामने से मदिरा की दुकान को हटवाया जावे।



होली मिलन: सामूहिक त्यौहार मनाने से बढ़ती है संगठनात्मक एकता: अंजली गुप्ता

अम्बाह। होली के दिन सब मिल जाते है रंगो में रंग खिल जाते हैं' गीत के बोल जब माथुर वैश्य महिला मंडल व्दारा आयोजित होली मिलन समारोह में एक स्वर में गूंजे तो सभी होली के रंग में डूब गये। इस अवसर पर कीर्तन व फूलों की होली का आयोजन भी किया गया और सभी ने इस होली मिलन समारोह का आनंद लिया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ अध्यक्ष श्रीमती ममता गुप्ता द्वारा दीप जला कर किया गया। संगठन के पदाधिकारी श्रीमती अनीता गुप्ता के निवास पर यह भव्य आयोजन हुआ, जिसमें राधा कृष्ण की होली का गायन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की कोष निरीक्षक एवं खेल मंत्री श्रीमती अंजलि मोहन गुप्ता ने कहा कि होली प्रेम एवं सौहार्द का पर्व है हम सभी को आपसी भेदभाव को बुलाकर इस पावन पर्व को मिलकर मनाना चाहिए। भारतीय त्योहारों में सबसे पवित्र एवं प्रेम का त्यौहार होली ही है जिस के रंग में डूब कर सभी एक जैसे हो जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी और सभी के मंगलमय जीवन की कामना भी की। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली के साथ-साथ एक दूसरे को गुलाल भी लगाया और समाज में एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान महिलाओं ने फाग गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान सभी महिलाओं ने अपने-अपने संबोधन में सभी को होली को बधाई दी। इस दौरान श्रीमती ममता गुप्ता, श्रीमती अनीता गुप्ता, श्रीमती अंजलि गुप्ता, श्रीमती गीता गुप्ता, साधना गुप्ता, शिखा गुप्ता, ममता अभिषेक गुप्ता, साधना गुप्ता, गीता राजू गुप्ता, सीमा गुप्ता, रेखा रामबाबू गुप्ता, रेखा रामअवतार गुप्ता, मीना गुप्ता, स्नेह गुप्ता, रेनू गुप्ता, मंजू गुप्ता, ममता सुधीर गुप्ता सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

3 दिनों में 139 गांव में पहुंची चंबल बचाओ बाइक यात्रा, हुआ समापन

आज मुख्यमंत्री के नाम 6 तहसील मुख्यालयों पर दिए जाएंगे एसडीएम को ज्ञापन

मुरैना। चंबल बचाओ बाइक जत्था यात्रा गत 11 मार्च से शुरू होकर 3 दिन में पांचों यात्राएं 139 गांव में पहुंची। यह यात्रा अटेर, अंबाह, जौरा, सबलगढ़, श्यामपुर से शुरू होकर तीन दिनों में अटल प्रोग्रेस वे के रूट पर आने वाले 139 गांव में किसानों से रूबरू हुई। इस दौरान किसानों की सभाएं हुई जिसमें किसानों ने अपनी समस्याएं जत्थे के समक्ष रखी और एकता बनाकर संघर्ष का संकल्प लिया। यात्राओं का पांच स्थानों के अंतिम तौर पर सबलगढ़, जौरा, अंबाह, श्योपुर कलां और अटेर में समापन हुआ।

मध्यप्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि आज 14 मार्च को समस्याओं और मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें अटल प्रोग्रेस वे से प्रभावित होने वाले 10 हजार उन किसान परिवारों को जिनके पास भूमि स्वामी स्वत्व है। उन्हें भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार मूल्य से तीन से 5 गुना मुआवजा दिए जाने, शासकीय बीहड की भूमि पर पीढ़ियो से खेती कर रहे किसान परिवारों को जिनकी संख्या लगभग 30 है जमीन देने, नये शिरे से नोटिफिकेशन जारी कर किसानों से दावे आपत्ति लेने, बड़े बड़े गांवों पर कट (प्रवेश स्थल) की व्यवस्था करने, जो किसानों जमीन के बदले दोगुनी जमीन ले रहे हैं उनको जमीन को विकसित करने के लिए 1 लाख रूपए प्रति बीघा खेती के लिए आर्थिक सहायता या मुआवजा देने सहित स्थानीय समस्याओं का निराकरण करने की भी मांग की जाएगी। ज्ञापन तहसील मुख्यालयों पर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम दिए जाएंगे। कार्यवाही नहीं होने की दशा में आगामी आंदोलन की घोषणा होगी। जिसमें किसान एकजुट होकर जुझारू कार्यवाही का की योजना का ऐलान भी करेंगे। जत्थों ने रूअर बरवाई पहुंच कर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की समाधि पर माल्यार्पण किया। इसके अलावा चंबल नदी और गहरे बीहड़ों में दुर्गम क्षेत्रों में भी जत्थे पहुंचे। जत्थों का नेतृत्व मध्यप्रदेश किसान सभा के नेतागण अखिलेश यादव, अशोक तिवारी, मुरारी लाल धाकड़, सुभाष शर्मा, प्रेम नारायण माहोर, महेश प्रजापति, राजेंद्र सिंह, बीरबल चैन, संघर्ष समिति के राम भरत मीणा, किसान सभा के सियाराम सिंह, नरहरी शर्मा, हंसराज शर्मा, आदिराम आर्य, इब्राहिम शाह, विशाल जाटव, सुरेंद्र सिंह तोमर, श्रीनिवास श्रीवास, राजीव दीक्षित, वीरेंद्र कुशवाह आदि ने किया।

दतिया किसी भी गर्भवती महिला की मौत दुखद ,परंतु अनीता केवट की मृत्यु का कारण पलमोनरी एम्बोलिजम है , चिकित्सकीय लापरवाही नहीं : डॉ हेमंत कुमार जैन ,सह अस्पताल अधीक्षक ,मेडिकल कॉलेज दतिया

संदीप प्रधान पुष्पांजली टुडे

दतिया - शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 4 बजे जिला अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में अनिता केवट पत्नी प्रभुदयाल निवासी बरधा वाली गली देहात थाने के पीछे दतिया उम्र 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा के कारण भर्ती कराया गया था , और शुक्रवार की रात को सिजेरियन आपरेशन के 2 घंटे बाद ही मरीज अनिता की मृत्यु हो गयी।

अस्पताल प्रशासन ने इस मामले को तुरंत अपने संज्ञान में लिया और डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने इस मामले की जांच के आदेश डॉ हेमंत कुमार जैन को दिया।

डॉ हेमंत जैन ने मीडिया को बताया कि महिला अनिता सुबह करीब साढ़े 4 बजे भर्ती हुई और महिला की यह पहली डिलीवरी थी , चूंकि पहली डिलीवरी में मरीज को 10 से

14 घंटे दर्द होते हैं उसके बाद ही महिला की सर्विक्स(बच्चेदानी का मुंह) पूरी तरह खुलती है , अतः मरीज को इस समय तक ऑब्जरवेशन में रखा गया, तत्पश्चात जब मरीज की बच्चे दानी का मुंह पूरी तरह नहीं खुला तो मरीज के पति और उसकी सास से ऑपरेशन संबंधी सहमति ली गयी , जिसमें मरीज को आपरेशन से दौरान और बाद में होने बाली समस्याओ से अवगत कराया गया , साथ ही साथ खून की व्यवस्था करने को कहा गया। ऑपरेशन शाम को किया गया और ऑपरेशन के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे।

करीब 2 घंटे बाद मरीज एक दम से कोलैप्स कर गया (मरीज के दिल और दिमाग ने काम करना बंद कर दिया)। इस दौरान डयूटी पर उपस्थित जूनियर एवं सीनियर रेसिडेंट्स, फर्स्ट ऑन कॉल डॉ अमिता शर्मा और सेकंड ऑन कॉल डॉ स्वेता यादव भी उपस्थित थी , मेडिसिन ऑन कॉल डॉ एस एन शाक्य भी आये और अपना प्रयास किया सभी के संयुक्त प्रयास के पश्चात भी मरीज को नहीं बचाया जा सका। मरीज के परिजनों से जब मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्ट मोर्टेम कराने के लिए कहा गया तो मरीज के परिजन तैयार नहीं हुए और मरीज को अपने साथ ले गए। डॉ अमिता शर्मा के अनुसार पोस्ट डिलीवरी महिलाओं में कई प्रकार के परिवर्तन शरीर में आते हैं जिसमें पलमोनरी एम्बोलिजम मृत्यु का मुख्य कारण है, जिसमें बच्चे दानी के पास की नसों में खून का थक्का जम जाता है और यही थक्का फेफड़ों और दिल की नसों को बंद कर देता है , और मरीज के दिल और दिमाग काम करना बंद कर देते हैं।

इस प्राथमिक जांच के दौरान यह भी पाया गया कि शुक्रवार के दिन करीब 06 सिजेरियन और करीब 07 नार्मल डिलीवरी हुई थी और अनिता को छोड़ कर सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ थे।

आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष घनश्याम सैनी अपनी टीम के साथ पहुंचें वृंदावन धाम

जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

राजस्थान ।इस यात्रा के दौरान सूरवाल भाडोती गंगापुर हिंडौन व अन्य गांव में समाज के लोगों से मिले समाज के लोगों को याद दिलाते हुए यूथ जिलाध्यक्ष राजेश सैनी ने कहां सरकार ने हम से 10 मार्च तक का टाइम मांगा था जो कि हमने दिया लेकिन हमारी 11 सुत्रीय मांगों में से कोई सी भी हमारी मांग सरकार की ओर से पूरी नहीं की गई अब हम पूरे राजस्थान की डेढ़ करोड़ माली समाज से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रिंट मीडिया के माध्यम से आह्वान करेंगे निवेदन करेंगे बहुत जल्द समाज के विभिन्न लोगों से 11 सूत्री मांगों को लेकर आगे आंदोलन की तैयारी करेंगे जिला प्रवक्ता प्रहलाद सैनी आरक्षण संघर्ष समिति सदस्य वेतन सैनी मुकेश सैनी सुरेश सैनी महेंद्र सैनी आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

नगर निगम उपायुक्त मिनी अग्रवाल पहुँची दिव्य दृष्टि संस्था

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर- नगर निगम उपायुक्त मिनी अग्रवाल जी दिव्यदृष्टी संस्था द्वारा चलाई जा रही शैक्षणिक गतिविधयों से रूबरू हुई ।मिनी अग्रवाल जी ने बताया कि संस्था द्वारा किये जा रहे शिक्षण कार्य को उन्होंने फेसबुक पर देखा उन्होंने कई वीडियो देखे कि दिव्यांग बच्चे कितनी अच्छी तरह से सारी चीजें सीख रहे है। आपको बताना चाहते है कि मिनी जी खुद भी दिव्यांग है और आज अपनी शिक्षा और काबिलियत की दम पर आपने जो मुकाम हासिल किया है ।उसके बारे में जानकर संस्था को भी बहुत हौसला मिला दिव्य दृष्टि एज्युकेशन एन्ड वेलफेयर सोसायटी ग्वालियर से अंकुश गुप्ता ने मिनी अग्रवाल को कीमती समय मे से अपना समय दिव्यांग बच्चों को देने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

थाना एण्डोरी पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के अपराध में फरार 5000-5000 के ईनामी व तीन स्थायी वारंटियों को एक हफ्ते में किया गिरफ्तार

मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे

गोहद-पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के निर्देशन में एवं एसडीओपी गोहद के मार्गदर्शन में स्थायी वारन्टों की तामीली द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी एण्डोरी उनि नागेश शर्मा द्वारा पिछले एक हफ्ते में थाना एण्डोरी के अपराध क्र. 59/21 धारा 307, 323, 147, 148, 149 भादवि में लगभग एक वर्ष से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों सुशांत सिंह कौरव, जरदान सिह कौरव एवं प्रशांत सिंह कौरव निवासी ग्राम मानपुर थाना एण्डोरी को क्रमशः 08/03/2022,11/03/2022 एवं 13/03/2022 को गिरफ्तार किया है । उक्त आरोपियों पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड द्वारा 5000-5000 रुपये का नगद इनाम भी उद्घोषित किया गया था तथा माननीय न्यायायल द्वारा उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट भी जारी किया गया था

। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी एण्डोरी उनि नागेश शर्मा, प्र.आर. देवेन्द्र, प्र.आर.पवन, प्र. आर. लोकेन्द्र सिंह, प्र.आर. नरेश कौल, आर. नवीन शर्मा, आर.नारायण सिंह गुर्जर, आर. संजय तोमर, आर.सोहन लाल एवं आर. नीरज की सराहनीय भूमिका रही।

छात्र राष्ट्रहित में सक्रिय रहकर एवं अपने जीवन में लक्ष्य पर अडिग रहे : भंवर सिंह कुंपावत

विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बालक बालिकाओं ने दी शानदार प्रस्तुति

पुष्पांजली टुडे

पाली । निकटवर्ती सांपा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय मे शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजन मुख्य अतिथि भंवर

सिंह कुंपावत ठाकुर खेतावास एवं संस्था प्रधान धर्मेंद्र कुमार पालरिया की अध्यक्षता आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह लखावत ने वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह में विद्यार्थियों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामनाएं की । साथ में उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा ही एक ऐसी पूंजी है कि जिसे कोई नहीं छीन सकता है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही संस्कार प्राप्त किए जाते हैं। और संस्कार प्राप्त करने का एक ही संसाधन है वो विद्या मंदिर विद्या मंदिर से ही विद्यार्थी अपने भविष्य का रास्ता तय करता है। जिस विद्यार्थियों को जिस मंजिल पर पहुंचना वह मंजिल हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में वर्ष पर्यंत विकास हेतु प्राप्त आर्थिक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराने वाले भामाशाहों का बहुमान किया।

कार्यपालन यंत्री ने किया स्वच्छता को लेकर दबोह का निरीक्षण

अर्पित गुप्ता पुष्पांजली टुडे

दबोह । नगर दबोह में स्व्च्छता अभियान के चलते नगरीय प्रशासन कार्यपालन यंत्री ने नगर का निरीक्षण किया।इस दौरान कार्यपालन यंत्री सतेंद्र सिंह यादव ने वार्ड नम्बर 08 में ट्रेंचिंग ग्राउंड समेत शुलभ कॉम्प्लेक्स,कोंच रोड नाला व अन्य जगहों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते कई महिनो से नगर में स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजी चल रहा था जिसका निरीक्षण अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री द्वारा बीते रोज किया गया था जिसमे धरातल पर काफी गन्दगी पाई गई थी।जिसके चलते अधीक्षण यंत्री महोदय ने मौके पर मौजूद नगर परिषद सीएमओ बाबूलाल कुशवाह व सब इंजीनियर हरिप्रताप से नाराजगी जताई थी

तदोपरांत वहीं मौजूद पूर्व सीएमओ एन आर खेंगर को उन्होंने नगर में स्व्च्छता अभियान की विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए स्व्च्छता नोडल प्रभारी नियुक्त किया था।जिसके बाद से लगातार नगर में स्व्च्छता अभियान जोरो से चलाया जा रहा था जिसके बाद वास्तविक में धरातल पर स्वच्छता अभियान भी दिखाई दिया।रविवार को कार्यपालन यंत्री महोदय ने निरीक्षण के दौरान आमजनता से सफाई को लेकर रिव्यू भी लिए और व्यापारियों से उन्होंने साफ सफाई रखने की भी बात कही।वहीं उन्होंने कुछ ही दिनों में श्री खेंगर को स्व्च्छता का प्रभार देने के बाद नगर की बदली हुई स्तिथि के लिए भी श्री खेंगर की तारीफ भी की।वहीं कार्यपालन यंत्री महोदय ने मीडिया से बातचीत के दौरान दबोह नगर को स्व्च्छता में 10 में से 7 नम्बर भी दिये।

एसपी ने शानदार पारी खेलकर 30 गेंदों पर 40 रन बनाए, पूर्व विधायक की बोल पर कलेक्टर हुए रनआउट

क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया स्वच्छता क्रिकेट मैच

उमाकान्त शर्मा संबाददाता पुष्पांजली टुडे

भिण्ड। क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आज सुबह 8-00 बजे राजीव गांधी स्टेडियम में स्वच्छता का संदेश देते हुए कलेक्टर-एसपी बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे। पहले ओवर की बॉल विधायक संजीव सिंह कुशवाहा ने कलेक्टर को डाली। कलेक्टर-एसपी ने मिलकर पहले ओवर में कुल 8 रन जोड़े, लेकिन दूसरे ओवर में पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी की तीसरी बॉल पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस रन आउट हो गए। इसके बाद एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बेहतरीन पारी खेली और दसवें ओवर तक 30 गेंदों में 40 रन ठोके जिसमें 6 चौके लगाए और पूर्व विधायक मुकेश चौधरी की बॉल पर आउट हो गए। मैदान पर क्रिकेट देखने वाले दर्शकों ने पहली बार कलेक्टर-एसपी की बल्लेबाजी देखी।

यहां बता दें जिले को स्वच्छता का संदेश देने के लिए रविवार को स्वच्छ भारत मिशन और जिला प्रशासन की टीम के बीच जागरूकता मैच आयोजित

किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व विधायक मुकेश चौधरी ने की। मिशन स्वच्छ भिण्ड की टीम ने टॉस हारकर जिला प्रशासन को बल्लेबाजी करने का मौका दिया। एसपी जब शार्ट मारते तो दर्शक तालियों से उनका अभिनंदन करते। वहीं पहली पारी में जिला प्रशासन ने 15 ओवर में शानदार बेटिंग करते हुए 109 रन बनाकर 110 रन का टारगेट दिया।

कलेक्टर ने की कप्तानी:

स्वच्छता का संदेश देने के लिए क्रिकेट मैदान पर उतरी जिला प्रशासन की टीम की कप्तानी कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने की तो वही मिशन स्वच्छ भिण्ड की टीम की तरफ से कप्तानी की कमान डॉक्टर शैलेंद्र परिहार ने संभाली। दोनों ही टीमों के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा वही दोनों ही टीमों के द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर अभियान को नई ऊर्जा दी गई। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया की यह ऐसे माध्यम है जिनकी वजह से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। समाज, घर और अपने आसपास सफाई बनाए रखें और बीमारियों से बचें।

स्वच्छता मिशन 11 ने जीता मैच

जिला प्रशासन और मिशन स्वच्छ भिण्ड 11 के बीच खेला गया मैच आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा। टीम की तरफ से आखरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए डॉ शैलेंद्र परिहार ने बेहतरीन रन बनाकर अपनी टीम को जीत की तरफ आगे बढ़ाया। वही आखिरी ओवर में बल्लेबाज पुर्रे ने चौका मारकर टीम को जीत दिलाई।

स्वास्थ्य विभाग ने की प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों के साथ की बैठक

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे

एटा। जिले में संचालित पंजीकृत नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल्स के अन्दर गंभीर मरीजों की फर्जी निश्चेतक व सर्जन द्वारा आप्रेशन किये जाने तथा स्वंय संचालको द्वारा अप्रशिक्षित लोगों के जरिए बिना किसी चिकित्सीय डिग्री डिप्लोमा के ओपीडी में आऐ मरीजों के उपचार किऐ जाने की मिली शिकायतों के चलते आज रविवार को सीएमओ डा.उमेश कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी पंजीकृत नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल्स संचालको व चिकित्सकों की मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में एक आवश्यक बैठक कर खुले शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि नियम विरूद्ध यदि कुछ भी होता है तो बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.उमेश कुमार त्रिपाठी ने आगे कहा कि सभी संचालकगंण एवं चिकित्सकगंण मानवीय भावना को द्रष्टिगत रखते हुए अपने हॉस्पीटल में आने वाले मरीजों का रजिस्टर्ड चिकित्सक व सर्जन से ही उपचार कराऐं एवं इस बात का विशेष ध्यान रखे कि जहां तक संभव हो, मरीज का बीमारी के बहाने आर्थिक दोहन से बचा जा सके। सीएमओ ने संचालको व रजिस्टर्ड चिकित्सकों को यह भी निर्देश दिए कि वह अपने यहां ओपीडी एवं सर्जरी आदि के अभिलेख भी सुरक्षित रखे।

भजनों पर झूमे श्रद्धालु

पुष्पांजली टुडे,
चेन्नई-- महानगर पट्टूर केलमबाग में एक शाम माताजी के नाम पर राजस्थान मरुधर से पधारे सतगुरु सतीजी महाराज देवली कला की ओर से चेन्नई महानगर में लगातार आज पांचवा दिन सत्संग का सैकड़ों श्रद्धालु ने लाभ लेते हुए आज सत्संग तेजाराम मुलेवा जयराम मुलेवा धर्माराम मुलेवा के निवास पर सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें बड़ी सख्या में श्रद्धालुओ ने सत्संग का लाभ लिया।इस अवसर पर श्री आईजी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य गणेशराम, सचिव नेमीचंद सलाहकार धर्माराम सोलंकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ये जानकारी गणेश राम बर्फा सीरवी चेन्नई द्वारा दी गई

बजरंग दल प्रखंड पलेरा द्वारा कराया गया बीमार गौ माता का इलाज

अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे
पलेरा । बजरंग दल प्रखंड पलेरा के ग्राम चोर टानगा में बीमार गौमाता का हुआ इलाज हुआ जैसे ही पलेरा पुलिस आरक्षक अनुप अनुरागी द्वारा बजरंग दल प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख रोहित राय को सूचना दी गई सूचना पर बजरंग दल ग्राम संयोजक नीलू राजपूत राजकुमार राजपूत विकाश रजक रवि बंशकार कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और घायल गौमाता का इलाज कराया।

खेत पर सबमर्सिबल बंद करने गई 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे
एटा। अपने खेत पर सबमर्सिबल बंद करने गई किशोरी को तीन युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। परिवार का

आरोप है कि एक युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता के पिता ने थाना जसरथपुर में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी सात मार्च को खेत पर शाम सात बजे सबमर्सिबल बंद करने गई थी। इस दौरान गांव के ही तीन युवक उसे बहला फुसलाकर ले गए। जहां गांव सरौद से आने निकलने पर दो युवक वहीं रुक गए और तीसरा युवक उसकी पुत्री को जंगल में ले गया।

शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही 10 क्विंटल 5 किलो गांजा ले जाते एक ट्रक को पकड़ कर 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

संजीव शर्मा दैनिक पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक ट्रक जिसमे कोयला की चूरी भरी हुई है के नीचे गाँजा होने की सूचना है इस ट्रक मे एक व्यक्ति ठाटी गाँव का है इसलिये उक्त ट्रक के ठाटी गाँव मे जाने की पूर्ण संभावना है। उक्त सूचना पर सघन चेकिंग कर तत्काल कार्यवाही कराने का निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री निरंजनसिंह राजपूत को दिया जिनके मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी देहात विकास यादव,थाना प्रभारी इन्दार द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए ठाटी गाँव के तिराहे पर चेकिंग लगाई जाकर ट्रक क्रमांक छ्ग॥10ड्ड8285 के आने पर रोका गया तो ट्रक चालक ट्रक को लेकर भागा जिसे पीछा कर रोका पूछताछ की, देखने मे सभी घबराये हुए दिखे जिनके ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक मे कोयला चूरी भरी हुई थी किंतु इस चूरी को कहाँ ले जा रहे है इस संबंध मे संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो संदेह और गहराया कोयला चूरी को हटाकर देखा तो ट्रक मे 35 प्लास्टिक के कट्टो मे कुल 10 क्विंटल 5 किलोग्राम गाँजा मिला उक्त गाँजा तथा ट्रक की कीमत 1 करोड 25 लाख रूपये है । सूचना पर गाँजा तस्कर गिरोह को तत्परता से गिरफ्तार कर 10 क्विंटल से अधिक गाँजा बरामद करने मे थाना प्रभारी

देहात विकास यादव, थाना प्रभारी इन्दार के.एन. शर्मा , प्र.आर. प्रदीप गुर्जर, प्र.आर. वहीद खान, प्र.आर. चालक रंजीत खान, आर. दीपचन्द ,आर. वीरेन्द्रसिंह गुर्जर, आर. मलखानसिंह गुर्जर, आर. सुनील कुमार भील, आर. रिंकू माहौर की सराहनीय भूमिका रही है ।

सकरिया ग्राम में ग्रामीणो को आवंटित राजस्व भूमि पर वन विभाग द्वारा जबरन प्लांटेशन लगाने पर वन अधिकारियों पर भड़के भाजपा जिला महामंत्री डॉ राजेश वर्मा भाजपा

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे
पन्ना । भाजपा समर्पण निधि एकत्रित करने क्षेत्र में निकले भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉ राजेश वर्मा ग्राम सकरिया पहुंचे जहां पर उन्होंने वर्ष 1961 में ग्रामीणों को आवंटित राजस्व भूमि पर वन विभाग द्वारा जबरन बिना सीमांकन कराए प्लांटेशन लगाने और ग्रामीणों को लगातार परेशान करने को लेकर नाराजगी जाहिर की पूर्व विधायक ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और मोके पर मोजूद रेंजर अभिषेक दुवे से हा कि जब तक वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जमीन का सीमांकन नहीं कर लिया जाता है तब तक के लिए काम रोके जाने की बात कही इसी दौरान मोके पर मोजूद ग्रामीण ने श्री वर्मा से बनबिभाग द्वारा जेल में बंद कराने की धमकी देने की बात कही जिस पर श्री वर्मा ने कहां की किसी के बाप में दम नही जो मेरे क्षेत्र वासियों को अनावशयक परेशान करें इसके लिए में हमेंशा बैठा हूँ।

आयकर विभाग ने किया 7 करोड़ रुपये जब्त, जाने कारोबारियों के ठिकानों में क्या-क्या मिला

अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे
रायपुर। छग में आयकर विभाग द्वारा सड़क ठेकेदार, इलेक्ट्रानिक और होटल कारोबारियों के प्रदेश भर में 22 ठिकानों पर चल रही जांच शनिवार देर रात पूरी हो गई। बताया जा रहा है कि विभाग ने इन समूहों के पास से सात करोड़ की राशि जब्त की गई है। इसके साथ ही काफी मात्रा में सोने और चांदी के आभूषण भी जब्त किए गए हैं। आज जब्ती आभूषणों का मूल्यांकन

किया जाएगा। गौरतलब है कि बुधवार सुबह से आयकर की 65 सदस्यीय टीम द्वारा इन कारोबारी समूहों के ठिकानों पर रायपुर के साथ ही भिलाई, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, कवर्धा और रायगढ़ में जांच की जा रही थी। इस जांच के दौरान इन कारोबारी समूहों के संपर्क में आए लोगों से भी पूछताछ हो रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयकर अधिकारियों द्वारा इन कारोबारी समूहों के कंप्यूटर, लैपटाप सहित दूसरे आवश्यक दस्तावेज जब्त कर लिए गए हैं। साथ ही इन कारोबारी समूहों के 12 लाकर भी जब्त किए गए थे। बताया जा रहा है कि इनमें से अधिकांश में कुछ नहीं मिले। साथ ही जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि इन कारोबारी समूहों से संबद्ध सारी फर्में फायदे में चल रही थीं, लेकिन इसके बावजूद इनके द्वारा बैंक लोन लिया गया। इन कारोबारी समूहों द्वारा अपने काम कच्चे में किए जाने के बारे में भी पता चला। रविवार को इनसे जब्त आभूषणों का मूल्यांकन किया जाएगा।

मोस्ट टैलेंटेड महिला का खिताब एकता शर्मा के नामः शरद द्विवेदी

कोटा शहर मे मदर्स हार्ट एजुकेशन एन्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम मे कोटा की महिलाओं ने शिरकत की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप कोटा नगर निगम आयुक्त कीर्ति राठौर एंव कोटा शहर पुलिस अधिकारी डी.एस.पी कल्पना सोलंकी रही। कार्यक्रम मेंआयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ मे सभी ने उत्साहपूर्ण भाग लिया। प्रतियोगिता मे मोस्ट टैलेंटेड महिला का खिताब विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय सचिव [कोटाइराजस्थान] कवयित्री एकता शर्मा रही, यह खिताब उन्होंने प्रतियोगिता के 3 राउन्ड मे सलेक्ट होने के बाद प्राप्त किया। हेल्प फाऊंडेशन एवं विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी जी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रश्मि सिंह चौहान जी, रीना शर्मा जी राष्ट्रीय महासचिव, सुश्री पूजा शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखा तिवारी, रक्षा शर्मा, शालिनी सिंह, राष्ट्रीय सचिव प्राचार्य मोना शुक्ला जी, विधिक सलाहकार मध्यप्रदेश एड.गीता सिंह ठाकुर, सहित संगठन के समस्त पदाधिकारीयों ने एकता शर्मा को शुभकामनाएं दी!

कोरोना योद्धा, उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान एवं पत्रकारिता वैचारिक चिंतन समारोह संपन्न

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे
बालाघाट । एक मंच पर एकता के तार मे पिरोती नजर आई राजनीति ,पक्ष विपक्ष ने साझा किए एक दूसरे के साथ बिताएं पल सामाजिक सरोकारों से जुड़कर अपनी भुमिका का निर्वहन करें पत्रकार, बने समाज का आईना - इन्द्रजीत भोज जनता के लिए आईना का काम करते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़कर ,समाज के लिए लिए काम करना ही हम पत्रकारों को ध्येय होना चाहिए, यह बाते श्रमजीवी पत्रकार संघ किरनापुर कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इन्द्रजीत भोज ने उपस्थित पत्रकारों को कहीं ।

दरअसल राणा हनुमान सिंह बीएड महाविद्यालय किरनापुर में श्रमजीवी पत्रकार

संघ की तहसील इकाई किरनापुर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष इन्द्रजीत भोज ने बिना लाग लपेट कर खुलकर बात रखीं। एक ओर जहां पत्रकारों के सामाजिक दायित्व को समझाया तो वहीं उपस्थित पक्ष विपक्ष के नेताओं के अच्छे कामों की प्रंशसा के साथ उन्हें खरी खोटी भी सुनाई । इन्द्रजीत भोज ने

कहा कि हमें जिंदा समाज में रहने की जरूरत है अगर हम गलत का विरोध नहीं कर सकते है तो समझो की हम मुर्दों से कम नहीं है अगर वसुलो की बात आए तो टकराना जरूरी है इंकलाब का सैलाब लड़ने से आता है ना कि डरने से इसलिए पत्रकार सच के लिए बोले लड़े ,समाज आपके साथ रहेगा हम आपके साथ रहेंगे।

राजनैतिक विद्वेष से हत्या में फसाया निर्दोषों को एफएसएल लखनऊ ने किया खुलासा

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे

एटा - एटा एसएसपी उदय शंकर सिंह ने प्रेस वार्ता में कर बताया घटनानुसार दिनांक 16 जुलाई 2021 को रात्रि समय करीब 11.32 पर मृतक पुनीत फौजी निवासी टिकाथर थाना जैथरा का शव ग्राम नगला बेदी व परौली के बीच सड़क के किनारे पड़ा मिला, बगल में स्कूटी भी पड़ी मिली। उक्त घटना के दो दिन बाद वादी रक्षपाल (मृतक के पिता) ने रात्री घटना का समय करीब 9.30 बजे दर्शाते हुए थाना जैथरा पर अपने पुत्र की हत्या गांव के ही जन्डैल सिंह पुत्र छोटेलाल मुलायम सिंह पुत्र जिलेदार सुनील पुत्र सरदार सिंह गौतम पुत्र जन्डैल सिंह व तीन अज्ञात के विरुद्ध थाना जैथरा पर मुअसं- 327/21 धारा 396, 506, 120बी पंजीकृत किया गया।

घटना में संदेह वाले बिंदु दर्शाई गई घटना के समय मृतक की लोकेशन घटनास्थल पर न पाकर जनपद फर्रुखाबाद में पाई गई। पुलिस की गश्त पार्टी जो स्वाभाविक क्रम में घटनास्थल के पास से रात्रि लगभग 11.00 बजे निकल रही थी तो मृतक के परिवारीजन (घटना के तथाकथित गवाह) पुलिस को मिले थे। घटनास्थल पर मिलने के कारण उन्होंने अमृतपुर गांव थाना जसरथपुर में एक व्यक्ति के यहां उत्सव से भोजन करके वापस आने की बात बताई जो तस्दीक करने पर गलत पाई गई।

मृतक के आई चोटों में पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने रिपोर्ट में बयान में दुर्घटना की तरफ संकेत किया। नामित अभियुक्तगण घटना के समय घटनास्थल पर मौजूद नहीं पाए, नामित अभियुक्तगण की गांव में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता होना छानबीन से प्रकाश में आया मृतक का घर आने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित नहीं पाया गया। घटनास्थल के रोड की चौड़ाई 22 फीट पाई गई जिसमें दो, चार पहिया वाहन आमने-सामने गुजरने पर रोड पर मोटरसाइकिल चलाने का स्थान ना होना पाया गया तथा घटनास्थल के रोड को दुर्घटनाबाहुल्य क्षेत्र पाया गया तथा पिछले 2 वर्ष के दौरान घटनास्थल पर 54 दुर्घटनाओं का होना प्रकाश में आया।पुलिस के बार-बार अनुरोध करने पर भी वादी द्वारा तहरीर में घटना के समय को लेकर टालमटोल किया गया। नामित चार व्यक्ति व अन्य तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लोहे की रॉड से हमला करने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर व शरीर पर चोटों के तालमेल का अभाव पाया गया एफएसएल उत्तर प्रदेश की मेडिको लीगल टीम द्वारा घटनास्थल पर चोटों के विश्लेषण से मृतक फौजी की मृत्यु का कारण हत्या ना होकर किसी वाहन द्वारा दुर्घटना में चोटिल हो जाने से मृत्यु हो जाना पाया गया. इस प्रकार से स्थानीय पुलिस द्वारा की गई विवेचना में एफएसएल टीम द्वारा की गई वैज्ञानिक विश्लेषण एवं सर्विलांस सेल द्वारा किए गए विश्लेषण से उक्त घटना का हत्या ना होकर सड़क दुर्घटना पाया गया है अब दुकानों के नाम जिद्दी राजनैतिक द्वेष के कारण अंकित होना पाया गया।

न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करेगा : जनक सिंह रावत

ना डरेंगे ना झुकेंगे पुरानी पेंशन मिलने तक नहीं थमेगा संघर्ष

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे
शिवपुरी-13 मार्च को भोपाल में पुरानी पेंशन के लिए हो रहे आंदोलन को स्थगित कर दिया है जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष है एवं सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा

बताया गया कि काफी लंबे समय से कर्मचारी न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश में पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं कई बार ज्ञापन ,धरना एवं माननीय विधायक विधायकों एवं सांसदों को समय-समय पर ज्ञापन के माध्यम से पुरानी पेंशन की मांग की गई है बजट सत्र से पहले प्रदेश के 1 सैकड़ा से अधिक विधायकों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को पत्र भी लिखा गया एवं विधानसभा में प्रश्न भी लगाए गए लेकिन बजट सत्र में पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई कर्मचारी ना तो डरा है ना झुकेगा अपना हक पुरानी पेंशन लेकर रहेगा इस संग्रह को अब पुणे सड़क से लेकर विधानसभा तक फिर लेकर जाएंगे आने वाले समय में जिला मुख्यालय पर पेंशन अधिकार सम्मेलन आयोजित कर पुरानी पेंशन आंदोलन को जन जन का आंदोलन बनाया जाएगा 1 जनवरी 2005 के बाद नियुक्त देश के प्रदेश के लाखों कर्मचारियों अधिकारियों को उनका हक मिले संगठन सरकार से मांग करता है कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करें जिससे कर्मचारी सेवानिवृत्त निवृत्त होने पर अपना जीवन यापन सम्मान के साथ जी सके।

शांतिनाथ जैन मदिंर में सिद्धचक्र विधान में सिद्धो का गुणगान किया

सिद्धचक्र विधान में जिनायलों में विराजित सिद्धप्रभू को चढ़ाए गए 64 महाअर्घ्य

भगवान के जन्मोत्सव पर गाए भजन, भक्ति में झूमकर दी बधाइयां।

ग्वालियर। शिंदे की छावनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिक महापर्व पर आज चौथे दिन रविवार को श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में इंद्रा इंद्राणियो ने मंत्रो की जाप अनुष्ठान एवं विभिन्न धार्मिक क्रियाओं का संगीतमय आयोजन किया गया।जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में सुबह माला से 108 मंत्रो की जाप की गई।विधानचार्य पंडित चन्द्रप्रकाश जैन चन्दर ने मंत्रो के साथ सौधर्म इंद्र नीलेश जैन, महा यज्ञनायक रविन्द्र जैन व धनपति कुबेर आशीष जैन ने भगवान जिनेंद्र देव का कलशों से अभिषेक जयकारों के साथ किया। भगवान जीनेद्र की शांतिधारा अमित जैन परिवार ने की। श्रीजी की दीपको से आरती उतारी गई।

विधान में भगवान का जन्मोत्सव बनाया, भक्ति में झूमकर दी बधाई: विधान में भगवान का जन्मोत्सव पर सगीतकर गायक शुभम जैन सैमी ने बजे कुंडलपुर में बधाई की नगरी में वीर जन्मे.... महावीरा झूले पलना, जरा हौले झोटा दीजो...अभी अभी सोया मेरा लाल न जगाना..प्रभु का हुआ जन्म खुशी छाई नगर में..जैसे बधाई भजनों पर कुबेर ने रत्नों की वर्ष तो इंद्र इंद्राणियो ने झूमते हुए बधाइयां के साथ भक्ति नृत्य किया।

पाप, ताप व संताप को नष्ट करता है सिद्धचक्र-चंद्रप्रकाश: विधानचार्य पंडित चंद्रप्रकाश जैन (चन्दर) ने विधान में संबोधित करते हुए कहाकि यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के समस्त पाप-ताप और संताप को नष्ट कर देता है. सिद्ध शब्द का अर्थ है कृत्य-कृत्य, चक्र का अर्थ है समूह और मंडल का अर्थ एक प्रकार के वृताकार यंत्र से है. इनमें अनेक प्रकार के मंत्र व बीजाक्षरों की स्थापना की जाती है. मंत्र शास्त्र के अनुसार, इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियां प्रकट हो जाती है. सिद्धचक्र महामंडल विधान समस्त सिद्ध समूह की आराधना मंडल की साक्षी में की जाती है, जो हमारे समस्त मनोरथों को पूर्ण करती है।

महोत्सव के चौथे दिन इंद्रा-इंद्राणियो ने मिलकर 64 अर्घ्य किये समर्पित: इस विधान में श्रीपाल और मैना सुदरी विपिन ज्योति जैन सहित इंद्रा-इंद्राणियो ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मुकुट गले में माला पहनकर भक्ति भाव के साथ पूजा आर्चन कर सिध्दप्रभू के गुणगान कर 64 महाअर्घ जिनेन्द्र देव के समक्ष समर्पित किए।

संक्षिप्त समाचार

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 1153 पात्र हितग्राहियों को 38 नम्बर कार्यालय पर वितरित की राशन की पात्रता पर्ची, पेंशन व कामकाजी के कार्ड

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि आपका सेवक आपकी सेवा पूरी ईमानदारी से करेगा। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद एवं पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति का जीवन कल्याण ही देश की प्रगति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि 15 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची वितरण की जा चुकी हैं। मेरा प्रयास है कि क्षेत्र में कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न रहे व उनको नि-शुल्क इलाज की सुविधा मिले। इसके साथ ही सभी को शहर को स्वच्छ बनाये रखने की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि आपने मुझे सेवा का अवसर दिया है तो मेरा कर्तव्य है कि मैं घर-घर जाकर आपकी सेवा करूं, इसके लिए में हमेशा तत्पर रहता हूँ। मेरे क्षेत्र में कोई व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए परेशान न हो इसके लिए कार्यालय पर केंप आयोजित किये जा रहे हैं। साथ ही आपके घर के नजदीक भी कैंप लगाकर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल निराकरण करने के साथ शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। नई संजीवनी क्लीनिक के साथ-साथ उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जा रहे हैं। जहां आप निशुल्क इलाज करा सकेगें। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा-बेटी भी अच्छे स्कूल में निःशुल्क पढ़ सके इसके लिये उपनगर ग्वालियर में पटेल विद्यालय व कन्या विद्यालय किलागेट सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं। जिसमे क्षेत्र के नौनिहालों को प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधायें व शिक्षा दी जाएगी।इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड - एक से 17, 31, 32, 33 एवं 36 की राशन की पात्रता पर्ची 354 व हाथठेला व कामकाजी 476, भवन संनिर्माण कर्मकार मंडल कार्ड 141, आयुष्मान कार्ड 95 व पेंशन के 87 कुल 1153 पात्र हितग्राहियों को वितरित किये।

खेल प्रतिभाओं को उभारने में सरकार हर संभव मदद करेगी : भारत सिंह कुशवाह

ग्वालियर। युवा पूरी लगन व मेहनत के साथ अपनी खेल विधा जारी रखें। युवाओं में छुपी प्रतिभा को उभारने में प्रदेश सरकार हर संभव मदद करेगी। यह बात प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्राम उटीला में विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट के उदघाटन कार्यक्रम में मौजूद युवाओं का आह्वान करते हुए कही।राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के इस क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता को 31 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रूपए के नकद पुरस्कार एवं कप प्रदान किए जायेंगे। साथ ही ÷मैन ऑफ द टूर्नामेंट÷ को 11 हजार व मैन ऑफ द फायनल मैच को 5100 रूपए का ईनाम दिया जायेगा। इसी तरह बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट, बेस्ट बेट्समैन ऑफ टूर्नामेंट व बेस्ट फील्डर ऑफ टूर्नामेंट प्रत्येक को 5100 - 5100 रूपए के नकद पुरस्कार मिलेंगे। साथ ही फायनल मैच के बाद सभी टीमों को क्रिकेट किट प्रदान की जायेंगी। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट में अब तक लगभग 100 टीमों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। टीमों की बढ़ी हुई संख्या की वजह से यह क्रिकेट टूर्नामेंट अब 28 मार्च तक चलेगा और उसी दिन फायनल मैच खेला जायेगा। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि युवा देश की ताकत है। इसीलिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीर्ण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विजेता व उप विजेता टीम को पसंदीदा पर्यटन स्थल की सैर कराई जायेगी

ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक कप टूर्नामेंट के उदघाटन अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि टूर्नामेंट की विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को उनके पसंदीदा पर्यटन स्थल की सैर कराई जायेगी। यह सैर पाँच दिवसीय होगी।

रनगँवा ने जीता उदघाटन मैच

ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का उदघाटन मैच बजरंग क्लब उटीला एवं बसैया वाली माता क्लब रनगवां के बीच खेला गया। उटीला छात्रावास मैदान पर खेले गए इस मैच में रनगंवा की टीम विजेता रही। इससे पहले राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट का उदघाटन किया। टूर्नामेंट के सभी मैच 10 - 10 ओवर के होंगे। उदघाटन समारोह में सर्वश्री कप्तान सिंह सहसारी, केशव गुर्जर, नरेन्द्र राजपूत, प्रेम सिंह राजपूत व चरण सिंह राणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी मौजूद थे।

पुलिस ने 15 साल से फरार 05 हजार रूपये के फरारी ईनामी बदमाश को दबोचा

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर जिले में फरारी व ईनामी बदमाषों की धरपकड हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक -रु39ग्वाहर (पूर्व/अपराध) राजेष डण्डौतिया द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को फरारी व ईनामी बदमाषों की धरपकड करने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया गया। वरि-ुनवजयत अधिकारियों के निर्देषो के परिपालन में सीएसपी विष्वविद्यालयश्री रत्नेष तोमर के मार्गदर्षन में कार्य करते हुए दिनांक 13,03. 2022 को थाना प्रभारी विष्वविद्यालय निरी0 श्री आनंद बाजपेयी को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बिजौली के हत्या के प्रकरण में फरार 05 हजार रूपये के ईनामी बदमाष को न्यू कलेक्ट्रेट के पीछे देखा गया है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थानाप्रभारी द्वारा मय थाना बल की टीम के साथ मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर उक्त फरारी ईनामी बदमाष को घरदबोचा लिया गया। पकड़े गये बदमाष की तलाषी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक देषी कट्टा व 03 जिंदा राउंड बरामद हुए जिन्हे विधिवत जप्त किया गयज़ गिरफ्तार बदमाष थाना बिजौली के हत्या के प्रकरण में विगत 15 सालों से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 05 हजार रूपये का ईनाम घोि-ुनवजयात किया गया था।

अशोकनगर जिले के ग्राम बड़ौली में हुई नाव दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

ग्वालियर। रविवार को अशोकनगर जिले में हुई नाव दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 4 - 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुँगावली द्वारा स्वीकृत की गई है। साथ ही जनपद पंचायत मुँगावली द्वारा तात्कालिक सहायता के रूप में मृतकों की अंत्येष्टि के लिये 5 - 5 हजार रूपए की अंत्येष्टि सहायता उपलब्ध कराई गई है। ज्ञातव्य है कि रविवार की सुबह अशोकनगर जिले की मुंगावली तहसील के ग्राम बडौली में कैथन नदी पार करते समय मजदूरों से भरी नाव पलट गई। जिसमें दो महिलाओं की मौत हो गई। जिला प्रशासन अशोकनगर एवं पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर शवों को निकाला। नाव में कुल 12 लोग सवार थे। इनमें से दो महिलाओं की मौत हो गई तथा 10 मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया गया। दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम मुंगावली के सिविल अस्पताल में किया गया।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बदनापुरा में चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

आमजन से की स्वच्छता में सहयोग देने की अपील

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड-5 के बदनापुरा में साफ सफाई अभियान के दौरान क्षेत्रीय आमजन से कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनायें तभी हमारा घर, मौहल्ला, शहर व प्रदेश स्वच्छ रह पायेगा। इस बार हमें अपने शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाना है, इसके लिये सभी को मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने के प्रयास करने होगें। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सुबह-सुबह बदनापुरा पहुंचे तथा अपने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र की सफाई में जुट गए। उन्होंने फावडा मंगाकर नाली को साफ किया तथा झाडू लगाकर कचरा साफ किया और कहा कि कोई कार्य छोटा बडा नहीं होता है। हमें सफाई करने में किसी भी प्रकार की शर्म नहीं करनी चाहिए। जब हम सब ठान लें कि खुले में कचरा नहीं फेंकेगे और कचरा फेंकने वाले को भी रोकेगें, तब स्वच्छ भारत के इस संकल्प में हम जरूर सफल होंगे।कोटेश्वर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रति रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है तथा आमजन से शहर को स्वच्छ बनाये रखने की अपील भी की जाती है। विगत तीन माह से चलाए जा रहे इस स्वच्छता अभियान का यह पंद्रहवाँ प्रयास रहा। जब तक ग्वालियर शहर स्वच्छता में पहले पायदान पर नहीं आ जाता, तब तक प्रयास जारी रहेगा। यह संकल्प कोटेश्वर मण्डल द्वारा लिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री प्रयाग तोमर, श्री जगत कौरव, मण्डल महामंत्री श्री श्याम गौड़, श्री सतीश खटीक, श्री आर के गुप्ता, श्री मेहरबान छारी, श्री दीपक चौहान, श्री चंदन राय, श्री सपन भारद्वाज, श्री सुनील गोस्वामी, श्री लाल सिंह पाल, श्री शैलू चौहान, श्री पप्पू जादौन, श्री शेरू राय, श्री राजू यादव, श्री मनोज शुक्ला सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

शहर के नए वार्डों एवं छावनी क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना बनाएँ :कुशवाह

ग्वालियर। ग्वालियर में जुड़े नए वार्डों (वार्ड-61 से 66) एवं छावनी क्षेत्र मुरार के सभी वार्डों की हर बस्ती की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए अमृत-2 के तहत विस्तृत कार्ययोजना बनाएं। साथ ही उन वार्डों में अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार करें। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा ग्रीष्म ऋतु के दौरान शहर के नए वार्डों व छावनी क्षेत्र में पानी की किल्लत नहीं होना चाहिए। इसके लिये अभी से वैकल्पिक इंतजाम किए जाएँ।रविवार को यहाँ व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर तथा नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बैठक में यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ने नए बजट में शहरी क्षेत्र की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया है। इसलिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर इस बजट का लाभ उठाएं और शहर के नए वार्डों व छावनी क्षेत्र की बसाहटों में बुनियादी सुविधाएँ सुदृढ़ करें।कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को जल्द से जल्द इन वार्डों के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने कहा अमृत-2 की कार्ययोजना में शहर के नए वार्डों के भी पेयजल व सीवर संबंधी कार्य शामिल किए गए हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478